* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* पटना संस्करण

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 18 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, रविवार, 14 जून 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



पटना के बापू सभागार में जी. बिजनेस द्वारा आयोजित भरोसे के च्वाईस-पटना के 11वें संस्करण का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

# नई ऊर्जा, नया आत्मविश्वास और नए तेवर के साथ राष्ट्रसेवा में आगे बढ़ रही भाजपा

## मोदी के सुदीर्घ अनुभव, दूरदर्शी सोच एवं निर्णय क्षमता से बढ़ी ताकत | 13वें वर्ष में नये लक्ष्यों और नई रणनीतियों के साथ आगे बढ़ने की तैयारी

– नयी दिल्ली से लौटकर कमल किशोर –



हाल ही में मुझे नई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण मीडिया संवाद कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। देश भर से चुनिंदा संपादकों को इस संवाद में आमंत्रित किया गया था। बिहार के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में मुझे भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार के अनेक शीर्ष नेता उपस्थित थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, सह प्रमुख संजय मयूख सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों, भावी योजनाओं और देश के विकास के रोडमैप पर विस्तार से विस्तार से कार्यक्रम तथा डीनर में शामिल हुए नेताओं ने पिछले 12 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार भारत ने आर्थिक, सामरिक, तकनीकी और वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। इस संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान मेरे मन में एक बात बार-बार उभरकर सामने आती रही कि भारतीय जनता पार्टी आज एक नए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। संगठन से लेकर सरकार तक एक नई सक्रियता और सकारात्मकता स्पष्ट रूप से महसूस की जा सकती है। यह केवल भाषणों या प्रस्तुतियों तक सीमित नहीं था बल्कि नेताओं, कार्यकर्ताओं और संगठन के विभिन्न स्तरों पर दिखाई देने वाली कार्यशैली में भी इसका स्पष्ट प्रतिबिंब नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने पिछले एक दशक से अधिक समय में भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में स्थापित किया है। उनके सुदीर्घ राजनीतिक अनुभव, दूरदर्शी सोच और निर्णय क्षमता ने पार्टी को एक स्थिर दिशा प्रदान की है। संवाद कार्यक्रम के दौरान यह स्पष्ट महसूस हुआ कि भाजपा



आज भी मोदी के नेतृत्व को अपनी सबसे बड़ी ताकत के रूप में देखती है। देश और दुनिया के बदलते परिदृश्य में प्रधानमंत्री मोदी का अनुभव पार्टी को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन के भीतर एक नई ताजगी और उत्साह भी दिखाई देता है। अपेक्षाकृत युवा नेतृत्व होने के कारण उनके कामकाज में ऊर्जा, नवीन सोच और संगठनात्मक सक्रियता का विशेष प्रभाव दिखाई देता है। पार्टी के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच भी इस नए नेतृत्व को लेकर सकारात्मक चर्चा सुनने को मिली। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा अब अनुभव और युवा ऊर्जा के संतुलन के साथ आगे बढ़ने की रणनीति पर काम कर रही है। इस दौरान एक और महत्वपूर्ण बात महसूस हुई। हाल के वर्षों में अनेक राजनीतिक और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के बावजूद भाजपा के भीतर आत्मविश्वास का स्तर काफी मजबूत दिखाई देता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में बढ़ते प्रभाव, विभिन्न राज्यों में संगठन के विस्तार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न चुनौतियों, विशेषकर खाड़ी क्षेत्र से जुड़े संकटों का सफलतापूर्वक सामना करने के बाद पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं में एक विशेष प्रकार का भरोसा दिखाई देता है। उन्हें विश्वास है कि कठिन परिस्थितियों में भी सरकार और संगठन प्रभावी ढंग से काम कर सकते हैं। मीडिया संवाद के दौरान नेताओं के वक्तव्य, प्रस्तुत आंकड़ों और भविष्य की योजनाओं को सुनने के बाद मैंने यह आकलन किया कि भाजपा अब अपने 13वें वर्ष में प्रवेश करते हुए केवल उपलब्धियों का उल्लेख करने तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि वह आने वाले वर्षों के लिए नए लक्ष्यों और नई रणनीतियों के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी के भीतर यह भावना स्पष्ट दिखाई देती है कि देश की अपेक्षाएं बढ़ी हैं और उन अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही उसकी सबसे बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी है। नई दिल्ली से लौटते समय मेरे मन में यही निष्कर्ष था कि भारतीय जनता पार्टी आज अनुभव और युवा नेतृत्व के एक महत्वपूर्ण संगम के दौर से गुजर रही है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यापक अनुभव और नेतृत्व क्षमता है, तो दूसरी ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में संगठन में नई ऊर्जा और नई सोच दिखाई दे रही है। यदि यह समन्वय इसी प्रकार बना रहता है, तो भाजपा अपने 13वें वर्ष में नए तेवर, नए उत्साह और नए आत्मविश्वास के साथ राष्ट्र सेवा के लक्ष्य को आगे बढ़ाने का प्रयास करती दिखाई देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नए सेना प्रमुख नियुक्त

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** केन्द्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को अगला सेना प्रमुख नियुक्त किया है। वह वर्तमान में सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। धीरज सेठ 30 जून की दोपहर से अपना पदभार संभालेंगे। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी उसी दिन सेवानिवृत्त होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कोर में कमीशन मिला था।

### राहुल गांधी 11 जुलाई को पटना आयेंगे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 11 जुलाई को पटना में छात्र सम्मेलन में शामिल होंगे। वे पार्टी की ओर से पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की नाकामियों के खिलाफ देश भर में आयोजित किए जा रहे छात्र सम्मेलन के क्रम में पटना में रहेंगे। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व की ओर से राज्य में छात्र सम्मेलन की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### स्मैक तस्कर से सेटिंग करने में दारोगा बर्खास्त

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार, पद के दुरुपयोग और कर्तव्य के प्रति लापरवाही के मामलों पर पूर्णिया क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विवेकानंद ने सख्त रुख अपनाया है। अलग-अलग मामलों में दोषी पाए गए दो दारोगाओं के खिलाफ बड़ी विभागीय कार्रवाई की गई है। इनमें एक दारोगा पवन कुमार चौधरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है जबकि दूसरे की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी गई है।

### गुड़ उत्पादन इकाइयों के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 तक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग की वेबसाइट पर 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन जमा होंगे। विभाग के अनुसार विभिन्न पेराई क्षमता वाली गुड़ उत्पादन इकाइयों को पूंजी लागत का 50 फीसदी तक अनुदान देने का प्रावधान है। वहीं 5 से 20 टन प्रतिदिन गन्ना पेराई की क्षमता वाली इकाइयों को अधिकतम छह लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा।

# बिहार के विकास की नयी उड़ान में उद्योग, निवेश एवं जनभागीदारी बनेगी सबसे बड़ी ताकत : सम्राट

## हम सबको 24 घंटे में 20 घंटे काम करना होगा तभी समृद्ध होगा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना स्थित बापू सभागार में जी. बिजनेस द्वारा आयोजित 'भरोसे के च्वाइस-पटना एडिशन के 11वें संस्करण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह कायक्रम अपने आप में अनोखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित बनाने के लिए निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं। मेरा मानना है कि भारत तभी विकसित होगा जब बिहार समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमें पूरी व्यवस्था बदल कर सामाजिक संरचना खड़ा करते हुये लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है, तभी बिहार समृद्ध होगा। बिहार दुनिया का सबसे अधिक घनत्व आबादी वाला राज्य है। पिछले 20 वर्षों से अपने



संसाधन से बिहार का ग्रोथ रेट डबल डिजिट में रहा है। भारत सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में 85 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं। देश के किसी भी कोने में आप कश्मीर से कन्याकुमारी तक चले जाएं सबसे अच्छी ग्रामीण सड़क आपको बिहार में ही मिलेगी। शहरी क्षेत्रों में भी सड़कों को बेहतर बनाया जा रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में नगर विकास एवं आवास विभाग का मंत्री रहते हुए हमने ऐसी व्यवस्था बनायी है कि बिल्डिंग बायोलजी के तहत निजी जमीन पर मकान बनानेवाले को 60 दिन के अंदर परमिट मिल जाय। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सहयोग शिविर कार्यक्रम शुरू किया है जिसमें अब तक तीन लाख आवेदन आ चुके हैं। उनमें से 2 लाख 40 हजार आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री कार्यालय से यह सीधा निर्देश है कि 30 दिनों के अंदर यदि आवेदन का निष्पादन नहीं होता है तो 31वें दिन संबंधित (शेष पृष्ठ 11 पर)

# इंडियन एयर फोर्स का विमान क्रैश, पांच जवान शहीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गुवाहाटी।** इंडियन एयर फोर्स का एक एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शनिवार को असम के जोरहाट एयर फोर्स स्टेशन पर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में वायु सेना के पांच जवान शहीद हो गए। भारतीय वायु सेना के अनुसार यह दुर्घटना तब हुई जब एएन-32 जोरहाट एयरक्राफ्ट एयरफील्ड पर उतरने की कोशिश कर रहा था। इस घटना में को-पायलट बच गये हैं और उनका इलाज चल रहा है। क्रैश का कारण पता लगाने के लिए इंडियन एयर फ़ोर्स ने कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि एयरबेस पर एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट के एक्सीडेंट के बाद आग बुझाने का काम किया गया। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों को मौके पर तैनात कर दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इंडियन एयर फोर्स ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। भारतीय वायु सेना ने अपने जवानों के खोने पर गहरा दुख जताया है। इसके साथ ही उनके नाम भी जारी किए हैं। शहीद हुए पांच जवानों में स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीर वायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीर वायु दानिश आलम शामिल हैं। इंडियन एयर फोर्स ने कहा कि एक्सीडेंट का कारण पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दे दिया गया। वही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि असम के जोरहाट विमान हादसे में पांच एयर वॉरियर्स के खोने से बहुत दुख हुआ। वायु सेना कर्मियों ने ड्यूटी करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। देश के लिए उनकी हिम्मत और सेवा को हमेशा गर्व और आभार के साथ याद किया जाएगा।

# करंट की चपेट में आने से मां–बेटे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** जिले में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना पंचायत स्थित चतरा गांव में शुक्रवार देर रात करंट लगने से मां-बेटे की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार चतरा गांव के वार्ड संख्या-15 निवासी कन्हैया पासवान की पत्नी रंगीला देवी (24 वर्ष) अपने छह वर्षीय पुत्र रतन कुमार के साथ घर में सो रही थीं। इसी दौरान उनके पास रखा स्टैंड फैन अचानक गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि पंखे के तार में खराबी होने के कारण उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। पंखा गिरते ही मां और बेटा उसकी चपेट में आ गए। परिजनों ने दोनों को बचाने का प्रयास किया और आनन-फानन में उपचार के लिए ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। करंट लगने से मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर विद्यापतिनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदय विदारक घटना ने बिजली उपकरणों की सुरक्षा और नियमित जांच की आवश्यकता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

# ढाई घंटे में अपहृत युवक बरामद, पांच गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद-देव मुख्य पथ से सुबह पढ़ाने जा रहे एक युवक का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। युवक की पहचान देवजरा थाना क्षेत्र के धमौल गांव निवासी स्व. भारत पाल के 24 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। घटना को लेकर देवजरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। कांड की गंभीरता पर पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाई घंटे में अपहृत युवक को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया लेकिन पुलिस की इस ऑपरेशन से छात्र को सुरक्षित बरामद करने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। दरअसल, अपहरण



की जानकारी मिलने के बाद देवजरा, देव एवं मुफस्सिल थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेयपुर गांव के समीप छापेमारी कर मामले का खुलासा किया और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कैमुर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी मनीष कुमार (19), सतीश कुमार (23), नीतीश कुमार (25), रोहित गुप्ता (24) एवं रोहितकांत तिवारी (25) के रूप में की गई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, आठ मोबाइल एवं एक चार चक्का वाहन जब्त किया गया है। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोगों ने मुकेश कुमार नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से प्रमुख चौक-चौराहों पर नाकाबंदी कर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी क्रम में मुफस्सिल थाना अन्तर्गत ओरा पुल के नीचे एक संदिग्ध चार चक्का वाहन पुलिस बल को देखकर अचानक भागने लगा। उसका पीछा (शेष पृष्ठ 11 पर)

# बिहार में जब तक एनडीए सरकार रहेगी, दीपक प्रकाश मंत्री रहेंगे : उपेन्द्र कुशवाहा

- रालोमो का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न
- उपेन्द्र कुशवाहा पुनः रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) का राष्ट्रीय अधिवेशन शनिवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में संपन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से पार्टी के संस्थापक एवं वरिष्ठ नेता उपेन्द्र कुशवाहा को आगामी कार्यकाल (2026-29) के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। पार्टी के संगठन चुनाव हेतु नामित राष्ट्रीय निर्वाची पदाधिकारी प्रमोद कुमार सुमन ने उपेन्द्र कुशवाहा को प्रमाण पत्र सौप कर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर पुन निर्वाचन की घोषणा की। सभा को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने




मंत्री दीपक प्रकाश को लेकर मीडिया में लगाई जा रही अटकलों के बीच कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी तरह के भ्रम में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि निश्चिंत रहिए। बिहार में जब तक एनडीए सरकार रहेगी, दीपक प्रकाश मंत्री रहेंगे। पार्टी के अधिवेशन में देश की वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों पर व्यापक चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। अधिवेशन ने बिहार के विकास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में (शेष पृष्ठ 11 पर)




CMYK

# राज्य में 31 जगहों पर बनेंगे विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव

**❑पटना-मुजफ्फरपुर जैसे शहरों में तैयार होंगे हाई-टेक टर्मिनल ❑ डीजल-पेट्रोल रिटेल आउटलेट, इवी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के बस पड़ाव अब नए कलेवर में नजर आएंगे। इन्हें दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर आधुनिक, सुविधाजनक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) ने एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। निगम पीपीपी मोड में राज्य के 31 स्थानों पर विश्वस्तरीय आधुनिक बस पड़ाव का निर्माण कराएगा। इन टर्मिनलों में शॉपिंग मॉल, कैफेटेरिया, होटल, पीवीआर और एंटरटेनमेंट जोन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो न सिर्फ यात्रियों को सुविधा देंगी बल्कि बस यात्रा को एक सुखद अनुभव भी बनाएंगी। यहां डीजल और पेट्रोल रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए जाएंगे। साथ ही पर्याप्त ईवी चार्जिंग स्टेशन मौजूद होंगे जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा।

**इन स्थानों पर होगा बस पड़ाव का निर्माण**

निगम ने पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुंगेर, जमुई, नवादा, सहरसा, पालीगंज, लहेरियासराय, मधुबनी, किशनगंज, मोतिहारी, छपरा, सुल्तानगंज, नौबतपुर, बरबीघा, मोकामा, चकाई, सीतामढ़ी, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, आरा, जहानाबाद, संग्रामपुर, तारापुर, भदौनी, सिकंदरा और राजगीर जैसे शहरों को चिन्हित किया है। परियोजनाओं के तहत बड़े से लेकर छोटे शहरों तक का चयन किया गया है जिसकी बदौलत इन स्थानों का शहरीकरण और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगीकीकरण को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और निगम का राजस्व भी बढ़ेगा।

**पड़ाव पर होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं**

यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन टर्मिनलों में आधुनिक एसी युक्त प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता काउंटर, दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक अनुकूल सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-चार्जिंग स्टेशन जैसी उत्कृष्ट सुविधाएं दी जाएंगी। ये बस डिपो पांच मंजिला होंगे। ग्राउंड फ्लोर पर बस पार्किंग और वर्कशॉप होगी जबकि ऊपरी मंजिलों पर निगम कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी-नॉन एसी वेटिंग रूम, डॉर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग मॉल, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे। यह परियोजना बस स्टैंडों को मल्टी-मॉडल हब के रूप में विकसित करेगी जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसके लिए निगम जमीन उपलब्ध कराएगा और निर्माण व रखरखाव की जिम्मेदारी निजी भागीदार निभाएंगे। निर्माण के बाद बस पड़ाव लगभग निर्धारित वर्षों की लीज अवधि के लिए निजी एजेंसी को दिए जाएंगे। इस दौरान रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी भी एजेंसी की ही होगी। लीज अवधि समाप्त होने के बाद ये सुविधाएं पूर्ण रूप से निगम को ट्रांसफर कर दी जाएंगी। यह पहल राज्य में बस यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

## संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन सामाजिक एकता का सशक्त मंच : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन केवल एक स्वागत समारोह नहीं, बल्कि समाज की एकता, सामाजिक समरसता और विकास के प्रति सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। वह रविवार को पटना स्थित रविंद्र भवन में संयुक्त नाई (सैन) एकता मंच द्वारा आयोजित भव्य संयुक्त नाई (सैन) एकता महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने संयुक्त नाई (सैन) एकता मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि समाज को संगठित करने, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में मंच की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नाई समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और यह समाज अपनी मेहनत, सेवा, समर्पण तथा सामाजिक सहभागिता के लिए जाना जाता है। उन्होंने युवाओं से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बदलते समय के अनुरूप स्वयं को तैयार करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जलापूर्ति, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सभी को समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने समाज को शिक्षित, संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, बुद्धिजीवी, युवा और महिलाएं उपस्थित रहीं।

## राजस्व महाअभियान की निगरानी के लिए प्रमंडलवार मॉनिटरिंग सेल का गठन : डॉ दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने के लिए प्रमंडलवार विशेष मॉनिटरिंग सेल का गठन किया है। विभाग द्वारा 11 जून से 17 जून 2026 तक विशेष शिविर आयोजित कर आवेदनों की स्कैनिंग, अपलोडिंग और निष्पादन की प्रक्रिया को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राजस्व महा-अभियान के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर एक सशक्त मॉनिटरिंग तंत्र विकसित किया गया है जो राज्य के सभी जिलों में चल रहे कार्यों की लगातार निगरानी कर रहा है। मंत्री ने कहा कि विभाग का लक्ष्य पूरे राज्य में प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों की स्कैनिंग और अपलोडिंग का कार्य शीघ्र पूरा करना है। इसके लिए मुख्यालय से प्रत्येक घंटे जिलों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है तथा अद्यतन आंकड़े संकलित किए जा रहे हैं जहां कहीं भी कार्य की गति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई जा रही है वहां तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व महा-अभियान राज्य के लाखों लोगों से जुड़ा हुआ है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी जिलों को निर्देश दिया गया है कि विशेष शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें और प्रतिदिन की प्रगति विभाग को उपलब्ध कराएं।

## बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल ने कायम रखी उत्कृष्टता की परम्परा : डॉ. प्रेम कुमार

**इडब्ल्यूए बिहार मीट 2026 में जुटे वेस्टकॉटियंस, शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर मंथन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित रेयर विंडो में आयोजित ईडब्ल्यूए बिहार मीट 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। एक्स-वेस्टकॉटियन एसोसिएशन (ईडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम (रांची) के पूर्व छात्र एकत्र हुए और वर्ष 2027 में होने वाले विद्यालय के शताब्दी समारोह की तैयारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और प्रार्थना के साथ हुआ। विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य जे. जे. एडविन और हॉस्टल निदेशक ऑब्रे थॉमसन उपस्थित रहे जबकि पूर्व प्रधानाचार्य आर. आई. थॉर्नटन और सुश्री जैकब ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ईडब्ल्यूए बिहार मीट केवल मिलन समारोह नहीं, बल्कि स्मृतियों, संस्कारों और आत्मीय संबंधों का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल ने लगभग एक शताब्दी से शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा कायम रखी है। वर्ष 2027 में विद्यालय के 100 वर्ष पूरे होने पर यह केवल संस्थान का नहीं, बल्कि उन हजारों पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का भी उत्सव होगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। प्रधानाचार्य जे. जे. एडविन ने पूर्व छात्रों से शताब्दी समारोह में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। ईडब्ल्यूए अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने संगठन की गतिविधियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में मनोज चंद्रवंशी, विशाल सिन्हा, अशोक प्रसाद, सतीश कुमार, राहुल कुमार सिंह और भास्कर सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे। संचालन वर्ष 2010-11 बैच के पूर्व छात्र तथा लीगल बाइट्स के संस्थापक मयंक शेखर ने किया। अंत में प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए और सामूहिक छायाचित्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## पीटर इंग्लैंड ने बिहार में खोला अपना सबसे बड़ा स्टोर, नई रिटेल पहचान की शुरुआत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के लोकप्रिय मेन्सवियर ब्रांड पीटर इंग्लैंड ने बिहार में अपने सबसे बड़े स्टोर के उद्घाटन के साथ अपनी नई रिटेल पहचान पेश की है। पटना के कंकड़बाग में स्थित यह फ्लैगशिप स्टोर करीब 3,000 वर्ग फुट क्षेत्रफल में दो मंजिलों पर फैला हुआ है और यह देश का पहला पीटर इंग्लैंड स्टोर है जहां ब्रांड की नई रिटेल पहचान को प्रदर्शित किया गया है। यह नया स्टोर ग्राहकों को पीटर इंग्लैंड की पूरी दुनिया का अनुभव एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराता है। यहां प्रतिष्ठित ग्रिफिन लोगो वाले डेनिम, क्रिकेट से प्रेरित लाइफस्टाइल कलेक्शन 'द जेंटलमैन्स लीग', आकर्षक फॉर्मल वियर और 'द बॉलीवुड वेडिंग' कलेक्शन के खास अवसरों के लिए तैयार परिधान उपलब्ध हैं। गुणवत्ता, बेहतरीन कारीगरी और बेहतर खरीदारी अनुभव को ध्यान में रखकर तैयार किया गया यह फ्लैगशिप स्टोर भारत में पीटर इंग्लैंड की नई रिटेल यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है।

## विश्व रक्तदाता दिवस: बी. डी. कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटों ने पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए फैलाया जागरुकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** विश्व रक्तदाता दिवस पर 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. (बी. डी. कॉलेज, पटना) में कैडेटों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कला और रचनात्मकता के माध्यम से आम जन को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता के दौरान बी. डी. कॉलेज के एन.सी.सी. कैडेटों ने एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक पोस्टर बनाए। पोस्टरों के माध्यम से कैडेटों ने यह संदेश दिया कि 'आपका रक्त किसी को नया जीवन दे सकता है' और रक्तदान से जुड़े भ्रमों को दूर करने का प्रयास किया। प्राचार्य प्रो. (डॉ) दिवाकर प्रसाद ने कैडेटों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया और उनके हुनर व सामाजिक सोच की जमकर सराहना की। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा रक्तदान महादान है। हमारे बी. डी. कॉलेज के युवा कैडेट जिस तरह समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठा रहे हैं, वह बेहद सराहनीय है। आपका एक छोटा सा प्रयास किसी पीड़ित की जान बचा सकता है। राहुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बेहद अनुशासित और सफल तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर (परीक्षा नियंत्रक) प्रो. सिकंदर जमील, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी नीतू तिवारी, डॉ. महेश केवट (संस्कृत विभाग) एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे और कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए 25 जून तक जमा होंगे आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में गुड़ उत्पादन इकाइयों को स्थापित करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग में 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन जमा होंगे। विदित हो कि राज्य में गन्ना की खेती करने के साथ ही चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही है जिसमें गन्ना की खेती करने के लिए किसानों को अनुदान दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार राज्य सरकार ने गुड़ उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू की है जिसमें गुड़ उत्पादन इकाईयों को स्थापित करने लिए गन्ना किसानों और निवेशकों को छह लाख से लेकर एक करोड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए गन्ना उद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रथम चरण में 25 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित किया है। विभाग के अनुसार विभिन्न पेराई क्षमता वाली गुड़ उत्पादन इकाईयों को पूंजी की लागत का 50 फीसदी तक अनुदान देने का प्रावधान है जिसमें 5 से 20 टन प्रतिदिन गन्ना पेराई की क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 6 लाख रुपये अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार 21 से 40 टन प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 15 लाख रुपये, 41 से 60 टन प्रतिदिन पेराई क्षमता वाले इकाईयों को अधिकतम 45 लाख रुपये और 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई करने वाले इकाईयों को अधिकतम 1 करोड़ रुपये अनुदान दिया जाएगा। इच्छुक किसान एवं निवेशक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## 12 वर्षों में 89 पेपर लीक का रिकॉर्ड बना चुकी है एनडीए सरकार : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विगत 3 मई को आयोजित नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक और सीबीएसई में रिजल्ट और कॉपी में अनियमितताओं के बाद कांग्रेस के कड़े विरोध के दबाव में केंद्र सरकार ने नीट यूजी परीक्षा रद्द कर दिया और सीबीएसई में हुई अनियमितताओं पर जांच समिति का गठन कर दिया, लेकिन अब भी इस मामले में दोषियों की पूरी गिरफ्तारी नहीं होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उदासीनता के कारण बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में बिहार के कांग्रेसजन ने व्यापक प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में 89 परीक्षा प्रश्नपत्र लीक हुए हैं और खुद एनटीए के अधीन नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र चार बार लीक हो चुके हैं जिससे केंद्रीय परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र की मोदी सरकार ने ऐसी भ्रष्ट व्यवस्था बना दी है कि अमीर परिवारों के बच्चों को ही मेडिकल सीटें और नौकरियां मिलेंगी जबकि गरीब परिवारों के छात्रों को उम्मीद के सहारे हर बार धोखा ही खाना पड़ेगा। भाजपा के नेतृत्व वाली इस एनडीए सरकार के तहत शिक्षा व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है। इस व्यवस्था को बदलने के लिए और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर संघर्ष कर रही है। आज बिहार के छात्रों के हक के लिए हम सड़कों पर हैं। वर्तमान सरकार को अविलंब एनटीए के तहत आयोजित होने वाली नीट परीक्षा में पारदर्शिता और पेपर लीक की समस्या को खत्म करना चाहिए और आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के साथ भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर गंभीरता बरतनी चाहिए।

## युवाओं के सपनों को मिलेगी नई दिशा : डॉ. आनन्द रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार संबंधी जागरूकता, सामाजिक सहभागिता तथा आत्म-अभिव्यक्ति का सशक्त मंच प्रदान करने की एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि आज के युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने, अपने विचारों को अभिव्यक्त करने और अपनी उपलब्धियों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने के अवसरों की भी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी वर्षों से कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। अब बिहार बुलेटिन के माध्यम से युवाओं की सफलता की कहानियों, उपलब्धियों, नवाचारों और सामाजिक योगदानों को व्यापक मंच एवं नई पहचान मिलेगी। डॉ. झा ने जोर देते हुए कहा कि यह पहल युवाओं में सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शिक्षा, कौशल विकास और जिम्मेदार पत्रकारिता के समन्वय के माध्यम से समाज में सार्थक एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बिहार के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने, अपनी उपलब्धियों को साझा करने तथा समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का अवसर मिलना चाहिए। बिहार बुलेटिन डॉट इन और सीएमसीए डॉट लाइव इसी उद्देश्य और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल बिहार के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगी तथा शिक्षा, कौशल और सूचना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल प्रशिक्षण प्रदान करना नहीं है, बल्कि आत्मविश्वासी, जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिकों का निर्माण करना है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में युवाओं के सपनों को नई दिशा मिलेगी और उनकी आवाज पूरे समाज में गूंजेगी।

## राज्य में महिलाओं के लिए चलेंगी 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में यातायात के दौरान महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखते हुए पिंक बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम अब 50 नई इलेक्ट्रिक पिंक बसों की शुरुआत करने जा रहा है। ये सभी बसें पूरी तरह एसी होंगी जिससे सफर आरामदायक होगा। वर्तमान में राज्य में 100 पिंक बसें चल रही हैं। अब इनकी संख्या बढ़कर 150 हो जाएगी। साथ ही इन इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन से वातावरण भी दूषित नहीं होगा। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने हाल में सूचना भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भी इसकी घोषणा की थी।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध : निशांत कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार सरकार की जनहितकारी स्वास्थ्य योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसी क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य भवन, पटना से स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बाल हृदय योजना के अंतर्गत 100वें बैच में जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 32 बच्चों को निःशुल्क उपचार के लिए श्री सत्य साई हार्ट अस्पताल, अहमदाबाद रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य है कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के उपचार में बाधा न बने। बाल हृदय योजना इसी संकल्प का परिणाम है जिसके माध्यम से गंभीर हृदय रोग से पीड़ित हजारों बच्चों को नया जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि योजना के 100वें बैच का रवाना होना स्वास्थ्य विभाग की निरंतर प्रतिबद्धता और जरूरतमंद परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि 100वें बैच में बक्सर जिले से 3, पूर्वी चंपारण से 2, जहानाबाद से 3, खगड़िया से 1, मधेपुरा से 2, मधुबनी से 1, मुंगेर से 2, नालंदा से 5, पटना से 7, समस्तीपुर से 3 तथा वैशाली से 3 बच्चे शामिल हैं जिन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि बाल हृदय योजना की शुरुआत अप्रैल 2021 को एनडीए के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सात निश्चय-2 के अंतर्गत 'सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा' के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के तहत जन्मजात हृदय रोग, विशेषकर हृदय में छेद की समस्या से पीड़ित 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को निःशुल्क जांच, सर्जरी एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# बिहार में तीन नए सुपर कॉरिडोर को हरी झंडी

**विश्वामित्र, गंगा-अंबिका और नारायणी पथ से बदलेगी उत्तर-दक्षिण बिहार की सूरत**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी का जाल बिछाने और सुगम व तेज यातायात सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी छलांग लगाई है। बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से वर्तमान में राज्य के तीन सबसे महत्वपूर्ण नए ग्रीन फील्ड/ हाईवे कॉरिडोर, विश्वामित्र पथ, गंगा-अंबिका पथ और नारायणी पथ के निर्माण की दिशा में धरातली कार्रवाई को बेहद तेज कर दिया गया है। इन तीनों प्रमुख पथों के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने, भूमि अधिग्रहण का नक्शा तय करने और वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण की ओर अग्रसर है। इस परियोजना की महत्ता को देखते हुए विभाग ने अपनी रणनीतिक प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इन तीनों मेगा प्रोजेक्ट्स के संरेखण को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये न केवल जिलों की दूरी को कम करेंगे, बल्कि राज्य के कृषि-उद्योग, व्यापार और रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। वर्तमान में चल रही तैयारियों के तहत देश की सबसे प्रतिष्ठित और विशेषज्ञ परामर्शी संस्थाओं को धरातल पर सर्वे और डिजाइनिंग की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, ताकि सड़कों का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो। बीएसआरडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि ये तीनों नए पथ बिहार के आर्थिक भूगोल को बदलने की क्षमता रखते हैं। एक्सप्रेसवे और फोरलेन मानकों पर आधारित इन नए मार्गों के किनारे लॉजिस्टिक्स पार्क, कृषि मंडियों और नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की भी अपार संभावनाएं बनेंगी। वर्तमान में बिहार सरकार का पूरा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि इन परियोजनाओं का जमीनी काम रिकॉर्ड समय में पूरा कर जनता को समर्पित किया जाए। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल का कहना है कि परियोजना संबंधी पूरी प्रक्रिया को पूर्णतः समयबद्ध रखा गया है। इसके लिए चल रही प्रक्रियाओं में हाल ही में महत्वपूर्ण सरलीकरण किए गए हैं, ताकि जमीनी स्तर पर काम बिना किसी बाधा के तुरंत शुरू किया जा सके। इस महा अभियान के अंतर्गत स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी विशेषज्ञता का समन्वय किया जा रहा है। वर्तमान में तकनीकी प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून, 2026 निर्धारित की गई है जिसके तुरंत बाद धरातल पर भूमि मापन और अंतिम डीपीआर का काम पूरी रफ्तार पकड़ लेगा।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने रक्तदान को बताया महादान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान ऐसा पुनीत कार्य है जिससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस आपात परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता, उसकी महत्ता और व्यापक उपयोगिता का प्रतीक है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, शल्य चिकित्सा तथा अन्य आपात स्थितियों में मरीजों का जीवन बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदान किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित होता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस समाज में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने, स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने और रक्तदाताओं के योगदान को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस पहली बार वर्ष 2004 में मनाया गया था। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2026 की थीम 'मानवता की एक बूंद, रक्तदान करें, जीवन बचाएं' रखी गई है। उन्होंने कहा कि यह थीम रक्तदान जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कार्य के व्यापक मानवीय प्रभाव को रेखांकित करती है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समाज को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल किसी व्यक्ति का जीवन बचाता है, बल्कि मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

# डीएम ने मद्य निषेध सिपाही परीक्षा कदाचारमुक्त कराने के लिए पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 14 जून एवं 17 जून 2026 को रोहतास जिले में किया जाएगा। परीक्षा दोनों दिनों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित होगी। रोहतास जिले के सासाराम में परीक्षा के लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा दिवस पर प्रथम पाली में 9360 एवं दूसरे पाली में 9360 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं पारदर्शी संचालन को लेकर आज समाहरणालय रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी केंद्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पूर्व उपस्थित रहने, अभ्यर्थियों की सघन एवं व्यवस्थित तलाशी (फ्रिस्किंग) सुनिश्चित करने तथा केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश दिया। परीक्षा के स्वच्छ एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी तथा उड़नदस्ता (फ्लाइंग स्क्वॉड) दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। 14 जून की परीक्षा में 9 जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी एवं 9 पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। 17 जून के परीक्षा के लिए भी 9 जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी एवं 9 पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है जबकि उड़नदस्ता दल में दोनों दिन परीक्षा में 4 पदाधिकारी एवं 4 पुलिस पदाधिकारी शामिल है। सभी जोनल एवं उड़नदस्ता पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का सतत भ्रमण करते हुए परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी केंद्रों पर जैमर एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पी.ए.सिस्टम) की भी व्यवस्था रहेगी। परीक्षा की निगरानी हेतु जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है । नियंत्रण कक्ष में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष प्रभारी को सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा परीक्षा से संबंधित गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को केंद्रीय चयन पर्षद के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को पूर्णतः कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम सासाराम एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंद्रपुरी थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, गाइडलाइन पालन के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मुहर्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर शनिवार को इंद्रपुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने की। बैठक में मोहर्रम कमेटी के सदस्य, पूजा समिति के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता ने कहा कि मुख्यालय स्तर से जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन प्रत्येक लाइसेंसधारी को अनिवार्य रूप से करना होगा। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र से अब तक तीन लाइसेंस आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें मानिकपुर, बस्तीपुर और कमरनगंज गांव के आयोजक शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ताजिया जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाएगा और किसी भी स्थिति में मार्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुहर्रम के दौरान डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा 75 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा।

थाना अध्यक्ष ने कहा कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के भड़काऊ भाषण, अश्लील गीत अथवा किसी धर्म विशेष को लक्षित करने वाले गीतों का प्रसारण नहीं किया जाएगा। ताजिया जुलूस में अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन पर सख्त रोक रहेगी। उन्होंने सभी समितियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम में सहयोग करने वाले वॉलिंटियरों के लिए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) बनवाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर समिति के सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित बैनर प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन और आमजन आसानी से संपर्क कर सके। बैठक में डिहरी प्रखंड 20 सूत्री सदस्य एवं बडीहा गांव के पंच आनंद कुमार पांडे, सरपंच प्रतिनिधि निर्मल पांडे, वार्ड सदस्य शिव पूजन सिंह, मिथिलेश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजेश चौधरी, अमित सिंह, सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार, योगेंद्र कुमार, चौकीदार श्रीनिवास राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फर्जी और जालसाजी कर शिक्षक बना बिपिन कुमार सिंह

## सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गयी सूचना से हुआ खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत संजय कुमार सिंह, ग्राम/पोस्ट-सासाराम द्वारा मांगी गई सूचना के आलोक में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू से प्राप्त अभिलेखीय जानकारी के अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि विपिन कुमार सिंह, पिता बबन सिंह, विषय-गणित ने वर्ष 2010 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में कभी योगदान नहीं किया था तथा विद्यालय के अभिलेखों में उनके पदस्थापन अथवा योगदान का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्रस्तुत एक परिवाद/शिकायत में यह अंकित किया गया था कि विपिन कुमार सिंह वर्ष 2010 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में पदस्थापित थे। किंतु सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त उत्तर से उक्त तथ्य की पुष्टि नहीं होती है। इस कारण यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि यदि उन्होंने उक्त विद्यालय के नाम अथवा उससे संबंधित किसी दस्तावेज के आधार पर जगजीवन राम उच्च विद्यालय, राजपुर, प्रखंड राजपुर में योगदान अथवा नियुक्ति प्राप्त की है तो उसका आधार क्या है। अतः पूरे मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराया जाना आवश्यक है। जांच के दौरान यह सत्यापित किया जाना चाहिए कि विपिन कुमार सिंह द्वारा नियुक्ति, पदस्थापन अथवा सेवा संबंधी किसी प्रक्रिया में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू के नाम पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया गया था या नहीं तथा उसकी वैधता क्या है। यदि सक्षम प्राधिकारी की जांच में यह प्रमाणित होता है कि किसी प्रकार की कूटरचना (जालसाजी), मिथ्या अभिलेख, फर्जी दस्तावेज अथवा भ्रामक तथ्यों का उपयोग कर सेवा लाभ प्राप्त किया गया है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत कठोर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की जाती है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सत्य तथ्यों को सार्वजनिक किया जाए तथा दोष सिद्ध होने की स्थिति में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जनविश्वास बना रहे। विपिन कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू में पदस्थापित शिक्षिका संगीता कुमारी के सगे भाई हैं।

# ट्रक की चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** अमझोर थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव के समीप डिहरी-नौहट्टा एनएच 119 मुख्य पथ पर शनिवार को ट्रक की चपेट में आने से हृदयविदारक घटना घटी जिसमें एक दो वर्षीय मासूम बच्चे की मृत्यु हो गयी। यह घटना लोगों को झकझोर कर रख दिया। बताया जाता है कि बच्चा अपनी मां से हाथ छुड़ा कर रोड पर दौड़ गया। डिहरी से रोहतास की ओर जा रही एक बड़ी मिक्सचर मशीन वाले ट्रक के चपेट में आ गया जिससे घटनास्थल पर ही बच्चे की मृत्यु हो गई। मृत बच्चे की पहचान का अनुराग शर्मा, उम्र लगभग 02 वर्ष, पिता अजीत कुमार शर्मा, ग्राम- पड़रिया थाना-अमझोर के रूप में की गयी। अमझोर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गाड़ी और उसके चालक को हिरासत में लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार की गौरवपूर्ण उपलब्धि

# शैक्षणिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विद्यार्थियों ने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। धीरज कुमार सिंह एवं प्रवीण कुमार ने अपनी उत्कृष्ट ज्ञान क्षमता, त्वरित विश्लेषणात्मक सोच तथा टीम भावना का परिचय देते हुए वहां आयोजित क्विज प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है। इसके साथ ही एमबीबीएस सत्र 2025-26 की छात्रा श्रेयसी रंजन ने जैव रसायन (बायोकैमिस्ट्री) विभाग द्वारा आयोजित केस-आधारित पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। उनके पोस्टर को वैज्ञानिक सटीकता, विश्लेषणात्मक गहराई, नैदानिक महत्व तथा प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के लिए विशेष रूप से सराहा गया। यह उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाती है साथ ही यह हमारे संस्थान की शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार तथा समग्र शैक्षणिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। धीरज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार एवं श्रेयसी रंजन (एमबीबीएस बैच 2025-26) को नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का नाम गौरवान्वित करने हेतु प्रबंधन की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता तथा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की कामना की गई।

# खैरही नहर से चालीस वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** भानस थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरही नहर से शनिवार को लगभग चालीस वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव बरामद किए जाने की खबर प्रकाश में आई है जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इस तरह की खबर के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने सबसे पहले नहर में शव को उपलाता हुआ देखा और तुरंत इसकी सूचना भानस थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। मृतक की उम्र लगभग चालीस वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसके पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। युवक ने सामान्य कपड़े पहन रखे थे और उसके शरीर पर किसी तरह के बाहरी चोट के स्पष्ट निशान प्रारंभिक जांच में नहीं दिखे। बताया गया कि पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ शुरू कर दी है तथा आसपास के सभी थाना क्षेत्रों को भी सूचित कर दिया गया है ताकि यदि कहीं से किसी के लापता होने की सूचना हो तो मिलान किया जा सके। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके। पुलिस इस मामले को हर बिंदु से गंभीरता से जांच रही है। यह आत्महत्या, हादसा या हत्या, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही हो पाएगा। भानस थाना पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में कोई भी जानकारी हो तो वह तुरंत थाने से संपर्क करे, ताकि शव की शिनाख्त कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। घटना के बाद से खैरही नहर के आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और लोग युवक की पहचान को लेकर कयास लगा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और जल्द ही मृतक की पहचान कर लेने का दावा किया है।

# जदयू नेत्री के घर चोरी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी जदयू की वरिष्ठ नेत्री शोभा देवी के घर से अज्ञात अपराधियों ने सोने व चांदी का आभूषण व 25 हजार नगद शुक्रवार रात चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार अपराधी घर में घुसे और उनके गहने और रुपए रखा बैग की चोरी कर ली। शनिवार सुबह जगी तो बैग गायब था, खोजबीन की तो घर के पास ही खाली बैग फेंका मिला।

# जनता दरबार में भूमि विवादों का मौके पर निपटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर शनिवार को आयोजित नियमित जनता दरबार में अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार के नेतृत्व में कुल सतरह भूमि संबंधित मामलों की सुनवाई की गई जिनमें से बारह मामलों का सक्रिय जांच के बाद मौके पर निपटारा कर दिया गया। इन विवादों में बुढ़वल सहित अन्य क्षेत्रों के दोनों पक्षों के बीच चल रहे वर्षों पुराने मामले शामिल थे जिन्हें दस्तावेजों की जांच कर व्यवस्थित तरीके से सुलझाया गया। शेष पांच मामलों में विस्तृत जांच और राजस्व अभिलेखों के समन्वय की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें अगली सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंचलाधिकारी ने बताया कि इन पांच मामलों की अगली जनता दरबार की तिथि 20 जून 2026, शनिवार निर्धारित की गई है जिसके लिए दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए जाएंगे। इस दौरान काराकाट और कंच्छवा थाने के पुलिसकर्मी और अंचल कर्मचारी, विशेष रूप से सतीश कुमार उपस्थित रहे और व्यवस्था सुनिश्चित की। स्थानीय प्रशासन ने जनता दरबार के माध्यम से विवादों के त्वरित समाधान की प्रक्रिया को जारी रखने पर जोर दिया। काराकाट में हर शनिवार को नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है जिससे आम लोगों को ब्लॉक और न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और उनकी समस्याओं का तेजी से निपटारा हो रहा है। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से भूमि विवादों के कारण होने वाले आपसी तनाव में कमी आई है और लोगों का सरकारी व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है। जनता दरबार भूमि विवाद सुलझाने का प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है।

### डीएम ने राजस्व महाभियान और सहयोग शिविर को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

# अंचलों में लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा राजस्व महाअभियान एवं सहयोग शिविर से संबंधित बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी ललित भूषण रंजन एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो. जफर हसन ने भाग लिया। सभी डीसीएलआर एवं अंचल अधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सहयोग शिविर के संचालन, प्राप्त आवेदनों की समीक्षा एवं लंबित मामलों के निष्पादन की स्थिति, ऑनलाइन म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों, अतिक्रमण वाद सहित विभिन्न राजस्व सेवाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान ऑनलाइन आवेदनों में रिवर्ट की संख्या कम करने पर विशेष बल देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अतिक्रमण वादों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण संबंधी सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त एवं निष्पादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कोई भी अंचलाधिकारी ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से कार्य नहीं करेंगे। समीक्षा के क्रम में ऑनलाइन म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों पर विशेष चर्चा हुई। अंचलों में लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व सेवाओं के समयबद्ध निष्पादन को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। सभी अंचल अधिकारियों एवं डीसीएलआर को निर्देशित किया कि अतिक्रमण वाद से संबंधित सभी आवेदनों को तत्काल पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'नॉट फिट' मामलों का क्षेत्रीय सत्यापन एवं सर्वेक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन से जुड़े राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

## शपथ-पत्र

मैं आशुतोष कुमार, पिता राजाराम बैठा, निवासी नरहर अम्बा, डाकघर-चन्दौत ढोंगरा, थाना-अम्बा, जिला-औरंगाबाद (बिहार), पिन कोड 824111 सत्य एवं निष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरा आधार कार्ड सं. 3382 2046 1299 है जिसमें मेरा नाम आशुतोष कुमार दर्ज है। मेरा पैन कार्ड संख्या- IDIPK1897L है जिसमें मेरा नाम आशुतोष कुमार दर्ज है।

मेरे नाम से पंजाब नेशनल बैंक, शाखा-अम्बा, जिला-औरंगाबाद, बिहार में खाता है जिसका खाता नं.-0982000100755452 है जिसमें मेरा नाम आशुतोष कुमार दर्ज है।

मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद (बिहार) में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी नं.-515359314 है जिसमें मेरा नाम मनीष कुमार दर्ज है।

आशुतोष कुमार तथा मनीष कुमार दोनों नाम के व्यक्ति मैं हूं। मैं ही उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। उक्त शपथ पत्र मैं अपने उक्त दोनों नामों के भिन्नता होने पर अपने उक्त दोनों नामों के सत्यापन के संदर्भ में भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा औरंगाबाद, बिहार में जमा करने के आशय से कर रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 1771 दिनांक 19.01.26

शपथकर्ता
आशुतोष कुमार


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132,** Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT, NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR**
**PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT-TERM NOTICE)**

| Sl. | Ward No. | Reference No. | Scheme Name | Estimate Cost | Earnest Money (2% of Estimate Cost) | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | |
| 1 | 5 | UDD/NPB/34/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road from house of Billu Chaudhary to House of Vjay Chandravanshi in Ward -5 under BNP. | 835002.00 | 16700.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 2 | 5 | UDD/NPB/35/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road from house of Sanay Soni to Hoouse of Basant Ram in Ward -5 under BNP. | 687506.00 | 13750.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 3 | 9 | UDD/NPB/36/2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Anganbadi to house of Shahdev Ram in ward 9 under BNP | 999472.00 | 19989.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 4 | 14 | UDD/NPB/37/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road from Kabilasi Teen Muhan to Khutisot River in Ward 14 under BNP. | 997984.00 | 19960.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 5 | 11 | UDD/NPB/38/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road on kachcha road from Goderma road teen muhan to Dularua Aahar in Ward 11 under BNP. | 975836.00 | 19517.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 6 | 18 | UDD/NPB/39/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road from Teen Muhan Chowk to house of Bharat Prasad in Ward -18 under BNP. | 751369.00 | 15027.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 7 | 19 | UDD/NPB/40/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road from house of Ramji Bhuiya to Sarkari handpump via house of Brahmdev bhuiya and house of devnarayan bhuiya and house of Ramji bhuiya to main road in ward- 19 under BNP. | 642933.00 | 12859.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 8 | 18 | UDD/NPB/41/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road from Electric Pole to House of Banarshi Ram in Ward - 18 under BNP. | 631472.00 | 12629.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 9 | 12 | UDD/NPB/42/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road from house of Nandu Ram to Munshi Ram In ward 12 under BNP | 578021.00 | 11560.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 10 | 13 | UDD/NPB/43/2026-27 (2nd Call) | Construction of Approach Road from main road and platform to Ward vikash kendra ward no 13 under BNP | 345441.00 | 6909.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 11 | 14 | UDD/NPB/44/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road from teen muhan to house of Rajnath Ram in ward 14 under BNP | 323438.00 | 6469.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 12 | 9 | UDD/NPB/45/2026-27 (2nd Call) | Construction of PCC ROAD on kachcha road from Jal minar to house of Asarfi Ram AND from NH to Shivaksh restaurant in ward 9 under BNP | 321098.00 | 6422.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 13 | 5 | UDD/NPB/46/2026-27 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road from house of Pramod Saw to babloo Chaudhary in Ward -5 under BNP. | 158230.00 | 3165.00 | 1000.00 | 90 Days |
| 14 | 4 | UDD/NPB/50/2026-27 | Construction of P.C.C. Road from house of Sahood Ansari to Boundry of Santosh Mishra in ward- 4 under BNP. | 968160.00 | 19364.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 15 | 6 | UDD/NPB/51/2026-27 | Construction of PCC ROAD on kachcha road from house of Kalika Singh to house of Birender Prasad in ward 6 under BNP. | 999232.00 | 19985.00 | 5000.00 | 90 Days |
| 16 | Date of Tender Publication | | | 14.06.2026, 11:00 AM | | | |
| 17 | Date of BOQ sale offline | | | 20.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Office of Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 18 | Last Date and Time of Offline Submission Of Bids | | | 23.06.2026, 11:00 AM to 02:00 PM at Police Station Bishrampur | | | |
| 19 | Date of Bid Opening | | | 24.06.2026, 11:00 AM at Office Nagar Parishad Bishrampur | | | |
| 20 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 21 | Contact No. of Procurement Officer | | | 6370767832, 9123121713 | | | |
| 22 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 06584 299971 | | | |

NOTE: -
1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.
2. For More Details on the Office Notice Board or https://udhd.jharkhand.gov.in/ULB/Bishrampur/Bishrampur.aspx

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 382310 District(26-27)#D

# सभी वर्गों के विकास के लिए सरकार कृतसंकल्पित : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। ग्राम पंचायत राज वियावानी में नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार सांसद कौशलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आपदा पीड़ित परिवार मृतक कैलू रविदास के आश्रित पत्नी सबुजा देवी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस हजार की सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जान की क्षति की भरपाई तो संभव नहीं है, लेकिन सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करती है आपदा के समय राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक पीड़ित परिवारों का होता है। इसलिए यह राशि तुरंत स्वीकृत कर आपको सौंपी जा रही मृतक के परिवार को धैर्य रखने और हिम्मत से काम लेने की सलाह दी उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर आपके साथ खड़ा है। क्षेत्रवासियों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बेहतर सड़कें, हर घर तक बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तथा आधारभूत संरचनाओं में हुए व्यापक सुधार ने राज्य को नई पहचान दी है। विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ बिहार आज नए विश्वास, नए अवसरों और नई संभावनाओं की ओर निरंतर अग्रसर है। नीतीश कुमार ने जब बिहार की बागडोर संभाली, तब अपराध पर नियंत्रण और कानून का राज स्थापित करने को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने इस दिशा में कार्य करते हुए प्रशासनिक एवं कानूनी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया। आज इन प्रयासों के फलस्वरूप बिहार में कानून का राज स्थापित है और हर बिहारवासी सुरक्षित वातावरण में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्र कुशवाहा, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार, युगल किशोर, मुखिया विश्वास सिंह, महेंद्र कुशवाहा, शंभु कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर टोल प्लाजा के समीप अदलबिगहा मोड़ पर बीते 16 मई की रात्रि लगभग 8:30 बजे कुछ लोगों ने चाय पी रहे गोकुल स्कूल संचालक और उसके दोस्त पर जानलेवा हमला करने वाले तीसरे आरोपित को पुलिस बलों ने गुप्त सूचना के आलोक में शुक्रवार की रात्रि को गिरफ्तार किया है एवं शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में नमाजद आरोपी हिसुआ थाना क्षेत्र के मुड़कटवा गांव निवासी जितेंद्र यादव के पुत्र रवि शंकर कुमार पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक को शनिवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपितों रजौली थाना क्षेत्र के गंगा बिगहा गांव निवासी दिलीप यादव के पुत्र प्रदीप कुमार उर्फ पाकुम एवं माधो रामपुर गांव निवासी विंदा यादव के पुत्र नीतीश कुमार की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजयुमो ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा**। भारत सरकार के सफल 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा, नवादा द्वारा समाहरणालय गेट स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा तथा परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजित शंकर ने की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता एवं प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल एवं आसपास के परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों से भी अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। स्वच्छता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी को सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री के सपनों के भारत के निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। युवाओं की सहभागिता से स्वच्छता और जनजागरूकता का यह अभियान और अधिक प्रभावी बनेगा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होगा।

# शांतिपूर्ण माहौल में लोगों से मुहर्रम मनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कौआकोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीओ अमित अनुराग ने की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के दर्जनों गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सदर एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं दें। यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने या गलत सूचना फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। इस मौके पर पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी सुजय विद्यार्थी ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में कई बार अफवाहें तेजी से फैलती हैं, इसलिए बिना सत्यापन किसी भी संदेश को आगे साझा नहीं करें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं दोनों समुदायों के लोगों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि कौआकोल क्षेत्र में हमेशा की तरह इस बार भी मुहर्रम आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अन्य प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी तथा कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सहयोग शिविर का आयोजन 17 व 18 जून को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। नारदीगंज प्रखंड कार्यालय में 17 और 18 जून को दो दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों तक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथः नए आवेदन लिए जाएंगे, दस्तावेजों का सत्यापन होगा, ई-केवाईसी जैसी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

# 18 परीक्षा केन्द्रों के 500 गज दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल एवं परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पद पर चयन के लिए अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दिनांक 14 जून 2026 (रविवार) एवं 17 जून 2026 (बुधवार) को नवादा जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पन्न होगी। परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए अनुमण्डल दण्डाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल में संचालित सभी 18 परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में 14 जून 2026 एवं 17 जून 2026 को प्रातः 07:30 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है।

*जारी आदेश के अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा :-*

1. सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र, हथियार, लाठी, गड़ासा, बरछा, फलसा, चाकू, छूरा, विस्फोटक पदार्थ एवं अग्नेयास्त्र लेकर नहीं घूमेंगे।
2. सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 गज की परिधि के अंतर्गत किसी सार्वजनिक अथवा निजी स्थान पर :-
   - अनावश्यक आवागमन।
   - परीक्षा से संबंधित किसी भी कागजात अथवा अन्य सामग्री का वितरण या उसका प्रचार-प्रसार।
   - ऐसे किसी भी कार्य-कलाप में संलग्न होना जिससे परीक्षा संचालन अथवा उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो।

   हालांकि यह प्रावधान परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी कार्य-कलापों पर लागू नहीं होगा।
3. सभी परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 गज की परिधि के अंतर्गत किसी भी स्थान पर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का झगड़ा अथवा लोक परिशांति भंग करने के उद्देश्य से एकत्र होना वर्जित रहेगा।
4. सभी परीक्षा केन्द्रों के निषेधाज्ञा क्षेत्र अथवा परीक्षार्थियों को सुनाई पड़ने वाली दूरी के भीतर ध्वनिविस्तारक यंत्रों का प्रयोग वर्जित रहेगा।

# संभावित बाढ़ को लेकर एसडीओ व अभियंता ने किया तटबंधों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा (नालंदा)**। संभावित बाढ़ की तैयारियों एवं तटबंध सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल एवं बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल एकंगरसराय के कार्यपालक अभियंता वाल्मीकि प्रसाद ने संयुक्त रूप से सोहरापुर पुल, धुरी बिगहा, रेडी पुल, पेंदापुर तथा रेडी मुसहरी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थलों पर चल रहे सैंड बैग स्टॉकिंग कार्यों का जायजा लिया तथा उपलब्ध संसाधनों एवं तैयारियों की समीक्षा की। धुरी बिगहा में शेष बचे बाढ़ सुरक्षा कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए संबंधित अभियंताओं और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बाढ़ सुरक्षा एवं तटबंध संरक्षण कार्यों में सहयोग करने की अपील करते हुए किसी भी समस्या या सूचना की तत्काल जानकारी संबंधित अधिकारियों को देने का अनुरोध किया। कार्यपालक अभियंता वाल्मीकि प्रसाद ने बताया कि सभी संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं, ताकि संभावित बाढ़ से जन-धन की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

# भूमि विवाद निपटारे को लेकर जनता दरबार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक जनता दरबार के तहत शनिवार को अंचल कार्यालय कौआकोल में जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान कुल तीन मामले प्राप्त हुए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक मामले में सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। जनता दरबार का आयोजन सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, सभी राजस्व कर्मचारी तथा अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

## परीक्षा के कदाचारमुक्त संचालन हेतु साइबर कैफे रहेंगे बंद

**नवादा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) में कक्षपाल तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 14 जून 2026 एवं 17 जून 2026 को नवादा जिले के 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा की प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग द्वारा अनुमंडल नवादा सदर स्थित सभी 18 परीक्षा केन्द्रों के आसपास संचालित कोचिंग संस्थानों, फोटो स्टेट दुकानों, साइबर कैफे एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने वाले केन्द्रों को 14 जून 2026 एवं 17 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर तथा थानाध्यक्ष, नगर थाना, नवादा एवं मुफस्सिल थाना को निर्देशित किया गया है कि उक्त आदेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराएं तथा परीक्षा अवधि के दौरान भ्रमणशील रहकर संबंधित क्षेत्रों की सतत निगरानी करें।

# नालंदा के नौ प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में उच्च शिक्षा के विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सात निश्चय-3 के तहत स्थापित किए जाने वाले नौ डिग्री महाविद्यालयों की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि "उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य" कार्यक्रम के तहत चिन्हित संस्थानों में डिग्री कॉलेजों का संचालन समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए भवनों की मरम्मत, नए निर्माण, सौंदर्यीकरण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सुथरा परिसर, रंग-रोगन तथा सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही महाविद्यालयों में फर्नीचर, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिले में डिग्री महाविद्यालय संचालन के लिए रहुई, नूरसराय, बिंद, नगरनौसा, कतरीसराय, थरथरी, करायपरशुराय, परवलपुर और सरमेरा प्रखंड के नौ शैक्षणिक संस्थानों को चिन्हित किया गया है।

इन संस्थानों में उपलब्ध संसाधनों का आकलन कर आवश्यक विकास कार्य शीघ्र शुरू किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि इन महाविद्यालयों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी और शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भरता कम होगी। बैठक में नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, प्रभारी उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# 'सहयोग शिविर' की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। 17 एवं 18 जून को आयोजित होने वाले पंचायत स्तरीय "सहयोग शिविर अभियान" की तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य को साकार करने के लिए आम नागरिकों की शिकायतों का सम्मानपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम लोग अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। सहयोग शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांग कल्याण योजना, निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एवं अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे।

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Anil Thakur | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया जलालगढ़ थाना कांड सं.–36/2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | Not Applicable | Not Applicable |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**


Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Sanjay Prakash | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी/एमएलए कोर्ट, पटना। कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469/2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरूध करने के संबंध में | Not Applicable | Not Applicable |

# मानसून पूर्व नाला सफाई कार्य में तेजी

## अगले सप्ताह तक सभी बड़े नालों की सफाई होगी पूर्ण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया नगर निगम के नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के साथ गया टाउन क्षेत्र के विभिन्न नालों एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मानसून पूर्व नाला सफाई कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गया नगर निगम क्षेत्र में कुल 338 छोटे नालों में से 250 से अधिक नालों की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 18 बड़े नालों में से अधिकांश की सफाई लगभग 90 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है तथा शेष कार्य अगले सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बॉटम नाला की लगभग 95 प्रतिशत सफाई हो चुकी है जबकि अन्य प्रमुख नालों की सफाई भी अंतिम चरण में है। डॉ. कुमार ने बताया कि कुजापी क्षेत्र में केवल रेलवे लाइन से संबंधित नाला का एक भाग शेष है। इस संबंध में नगर आयुक्त एवं रेलवे प्रबंधन के साथ बैठक संपन्न हुई है तथा अगले दो से तीन दिनों के भीतर इस समस्या का भी समाधान सुनिश्चित कर लिया जाएगा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अध्यक्ष ने गया टाउन क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-29 के सियाड़ी मोहल्ले में प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य हेतु स्थल निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या-29 के कलेर क्षेत्र में गड़त भूमि की घेराबंदी हेतु भी स्थल निरीक्षण किया गया। डॉ. कुमार ने कहा कि सार्वजनिक भूमि की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित विकास के लिए आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। वहीं वार्ड संख्या-32 स्थित क्रेन स्कूल के निकट नाला सफाई कार्य का भी नगर आयुक्त के साथ निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जल निकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए नाला निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर सफाई एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं मौके पर अधिवक्ता मुकेश शर्मा, पप्पू चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, वेद प्रकाश, सचिन ठाकुर, मनोज चंद्रवंशी, अमित पासवान, विवेक सहित अन्य मौजूद रहे।

## मारपीट मामले का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** आंती थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान फतेहपुर गांव निवासी 23 वर्षीय ज्ञानी कुमार, पिता रामलखन प्रसाद उर्फ लखन यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आंती थाना कांड संख्या 63/26 में दर्ज मामले के तहत अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। यह मामला फतेहपुर गांव निवासी सत्येंद्र यादव के फर्दबयान पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। पुलिस ने शनिवार को अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा उसे न्यायालय, गया में प्रस्तुत करने के लिए अभिरक्षा में भेज दिया।

## टिकारी प्रखंड की आठ ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का किया जाएगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** मंगलवार को टिकारी प्रखंड के आठ ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के आयोजन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखण्ड के दिघौरा, लाव, छठवां, आमाकुआं, नेपा, शिवनगर, पलुहड़ व महमन्ना ग्राम पंचायत के पंचायत सरकार भवन अथवा पंचायत भवन में शिविर आयोजित कर आम लोगों की प्रशासनिक व जनकल्याणकारी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी 2 लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। बीडीओ योगेंद्र पासवान ने बताया कि प्रखंड के आठ पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहेंगे। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी जाएगी व उनका त्वरित निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ दिलाने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

**छठवां में आयोजित शिविर में शामिल होंगे डीएम**

जानकारी हो कि छठवां ग्राम पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर स्वयं शिरकत करेंगे। जिलाधिकारी के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने विशेष तैयारियां की हैं। उनके द्वारा शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ आम लोगों से संवाद भी किया जाएगा। प्रशासन ने संबंधित पंचायतों के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को रखने की अपील की है, ताकि उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति का चुनाव संपन्न, सत्येंद्र प्रजापति बने अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, कोंच प्रखंड की आमसभा सह द्वितीय प्रखंड स्तरीय चुनाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय की उपस्थिति रही। चुनाव प्रक्रिया जिला उपाध्यक्ष सह चुनाव पर्यवेक्षक सुरेश पंडित, जिला युवा अध्यक्ष सह चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कुमार, टिकारी प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पंडित तथा टिकारी प्रखंड सचिव मंटू प्रजापति की निगरानी में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता जिला पार्षद पति सत्येंद्र प्रजापति ने की जबकि संचालन पूर्व मुखिया राजदेव प्रजापति ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से नई प्रखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सत्येंद्र प्रजापति को अध्यक्ष, देव कुमार पंडित को सचिव, संजीव पंडित को संयोजक तथा लालजीत प्रजापति को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में इंद्रदेव प्रजापति, शत्रुघ्न प्रजापति, बाल अमृत प्रजापति, कैलाश प्रजापति, उमेश प्रजापति, डॉ. संतोष प्रजापति, मदन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नवगठित पदाधिकारियों ने समाज के संगठन को मजबूत करने तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

## शेरघाटी में 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे देश में चलाए जा रहे 12 साल बेमिसाल अभियान के तहत शेरघाटी में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व तथा कला संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है और देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने मंत्री का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपेंद्र प्रसाद, अमित दांगी सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। नेताओं ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## सड़क हादसे में दिवंगत दारोगा नीरज कुमार को राजकीय सम्मान के साथ दी गयी अंतिम विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन के बाद मधेपुरा जिले के बेलारी थाना में पदस्थापित दारोगा नीरज कुमार का शुक्रवार देर रात उनके पैतृक गांव डिहुरी में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अंतिम संस्कार के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल, सर्किल इंस्पेक्टर अर्जुन कुमार, कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। पुलिस बल द्वारा दिवंगत दारोगा को गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिजन, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक पहुंचे। सभी ने नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। ग्रामीणों ने नीरज कुमार को कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं मिलनसार पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके निधन से गांव ने अपना एक होनहार पुत्र खो दिया है। अंतिम यात्रा के दौरान 'नीरज कुमार अमर रहे' के नारों से वातावरण गूंज उठा। पुलिस अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुए अंतिम संस्कार में क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गया जिला अतिथि गृह में भारतीय जनता पार्टी गया नगर के पश्चिमी मंडल-2 के कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक की। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुझाव, उनका उत्साह और संगठन के प्रति समर्पण ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा विशेष अभियान चलाकर केंद्र सरकार की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाएगी। साथ ही प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनके सुझाव और प्रतिक्रिया भी प्राप्त की जाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मंडल और बूथ क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मगध प्रमंडल और गया जिले में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विस्तार, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त गया जंक्शन रेलवे स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्ग-82 एवं 83 के विकास, आमस-दरभंगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, गया-बोधगया कॉरिडोर तथा डोभी में 'मेक इन इंडिया' के तहत विकसित हो रहे औद्योगिक गलियारे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से रोजगार, उद्योग, व्यापार और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा मिला है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने डॉ. सुरेंद्र भदानी, प्रो. सतीश चंद्रा, प्रो. रंजीत वर्मा और रामलगन प्रसाद सहित कई प्रबुद्ध नागरिकों से मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल पर प्रतिक्रिया प्राप्त की। बैठक में पप्पू चंद्रवंशी, नीरज निश्चल, प्रेम नारायण पटवा, राजनंदन गांधी, सुरेंद्र यादव, बंटी वर्मा, हरि यादव, संजय रविदास, मनोज चंद्रवंशी, दीपक कुमार, वेद प्रकाश, सुधीर शर्मा, विमला देवी, संगीता देवी, अमित कुमार और शिवा मांझी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टेक्नोलॉजी सेंटर उद्घाटन को लेकर तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** 15 जून को देवगांव में प्रस्तावित टेक्नोलॉजी सेंटर के उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है। खिजरसराय प्रखंड स्थित जज्बा प्लस में अतरी विधायक रोहित कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक ने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी ताकत झोंकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह टेक्नोलॉजी सेंटर क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार एवं तकनीकी शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर, गांव-गांव और टोला-टोला जाकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करें। विधायक ने कहा कि 15 जून को आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी एवं बिहार के कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। ऐसे में क्षेत्र की जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है जो ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगी। विधायक ने कहा कि अतरी विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है और जनता के सहयोग से यह कार्यक्रम क्षेत्र के इतिहास में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# गांधी इंटर उच्च विद्यालय स्टेडियम में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच (गया)।** गांधी इंटर उच्च विद्यालय स्टेडियम में शुक्रवार की रात नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मैच में नेवधी और कोंच की आर-पार टीम के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया जिसमें आर-पार टीम ने 13 रन से जीत हासिल कर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी.डी. शर्मा, पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि विवेकानंद कुमार तथा समाजसेवी रिंकू देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर-पार टीम ने निर्धारित 5 ओवरों में 48 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेवधी की टीम आर-पार के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 35 रन पर सिमट गई। इस प्रकार आर-पार टीम ने 13 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मुखिया दिलीप कुमार, लवकुश शर्मा, सरपंच अजय कुमार, बबलू शर्मा, पंकज, हैप्पी, रौशन, रॉबिंस, नीतीश, विष्णु, छोटे, अमन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)

### (कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा)

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1114(6) राँची दिनांक 15.05.2026 के आलोक में क्षेत्राधिकार अंतर्गत MPCS में सदस्यता वृद्धि हेतु गढ़वा जिला में सदस्यता वृद्धि अभियान दिनांक 15.06.2026 से 25.07.2026 तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक परिवार से मात्र एक व्यस्क व्यक्ति को सदस्यता प्रदान किया जाना है।

**शिविर के आयोजन से संबंधित कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 | शिविर की तिथि | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स का नाम | शिविर का स्थान | शिविर में भाग लेने वाले प्रभारी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी का नाम | जिला स्तरीय पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15.06.26 | गढ़वा | अंचला पैक्स, बिरबंधा पैक्स, भदुमा पैक्स, | अंचला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 2 | | कांडी | कांडी पैक्स, डुमरसोता पैक्स, लमारीकला पैक्स | डुमरसोता पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 3 | | मेराल | विकताम पैक्स, ओखरगाड़ा पू0 पैक्स, ओखगाड़ा प0 पैक्स, | ओखरगाड़ा पश्चिम पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 4 | 16.06.26 | कांडी | राणाडीह पैक्स, शिवपुर पैक्स, खरसोता पैक्स, | राणाडीह पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 5 | | मेराल | गोंदा पैक्स, गेरूआ पैक्स, हसनदाग (रेजो पैक्स) | गोंदा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 6 | | डंडई | जरही पैक्स, तसरार पैक्स, रारो पैक्स, | जरही पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 7 | 17.06.26 | मेराल | तेनार पैक्स, पडुआ पैक्स, लोआदाग पैक्स, | तेनार पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 8 | | धुरकी | धुरकी पैक्स, खुटिया पैक्स, खाला पैक्स | धुरकी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 9 | | गढ़वा | बाना मसुरिया पैक्स, करूआकला पैक्स | बाना मसुरिया पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 10 | 18.06.26 | केतार | परसोडीह पैक्स, मुकुन्दपुर पैक्स, | मुकुन्दपुर पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 11 | | कांडी | चटनिया पैक्स, गरदाहा पैक्स, मझिऑवा पैक्स, | मझिगावाँ पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 12 | | चिनियाँ | चिनियाँ पैक्स, डोल पैक्स, बरवाडीह पैक्स, | चिनियाँ पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 13 | 19.06.26 | रंका | बाहाहारा पैक्स, माणपुर पैक्स, खपरो पैक्स, | बहाहारा पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 14 | | गढ़वा | दुबे मरहटिया, परिहारा पैक्स, मध्या, तिलदाग, | दुबे मरहटिया पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 15 | | धुरकी | टाटीदीरी पैक्स, अम्बाखोरिया पैक्स, गनियारी कला पैक्स | टाटीदीरी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 16 | 20.06.26 | खरौंधी | आरंगी पैक्स, कृपा पैक्स | आरंगी पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 17 | | केतार | केतार पैक्स, बालीगढ़ पैक्स, परतीकुशवाणी पैक्स | बालीगढ़ पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 18 | | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 19 | 22.06.26 | रमना | टण्डवा पैक्स, करनपुरा पैक्स, गम्हरिया पैक्स, | करनपुरा पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 20 | | बरडीहा | ओबरा पैक्स, बरडीहा पैक्स, सलगा पैक्स | बरडीहा पैक्स, योगेन्द मेहता का दूकान | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 21 | | खरौंधी | खरौंधी पैक्स, सुण्डी पैक्स, राजी पैक्स, | खरौंधी पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 22 | 23.06.26 | रमना | रमना पैक्स, सिलिदाग पैक्स, मण्डवानियाँ पैक्स | सिलिदाग पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 23 | | सगमा | सगमा पैक्स, बीरबल पैक्स, | सगमा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 24 | | भवनाथपुर | अरसली द0 पैक्स, भवनाथपुर पैक्स, चपरी पैक्स | भवनाथपुर पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 25 | 24.06.26 | खरौंधी | चॉदनी पैक्स, करिवाडीह पैक्स | करिवाडीह पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 26 | | मेराल | करकोमा पैक्स, बाना पैक्स | करकोमा पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 27 | | रमकंडा | चेटे पैक्स, विराजपुर पैक्स, बलिगढ़ पैक्स, हरहे पैक्स | बलिगढ पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 28 | 25.06.26 | मेराल | मेराल पू0 पैक्स, मेराल प0 पैक्स, संगबरिया पैक्स | संगबरिया पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 29 | | बड़गड़ | बड़गड़ लैम्पस, टेहरी लैम्पस, परसवार लैम्पस, मदगड़ी (च) लैम्पस | टेहरी लैम्पस | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 30 | | कांडी | पतरिया पैक्स, पतिला पैक्स, बलियारी पैक्स | पतिला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 31 | 27.06.26 | विशुनपुरा | विशुनपुरा पैक्स, अमहरखास पैक्स | विशुनपुरा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 32 | | मझिआंव | पुरहे पैक्स, करूई पैक्स, सोनपुरवा पैक्स, बोदरा पैक्स | टडहे पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 33 | | चिनियाँ | हेताड़कला पैक्स, रणपुरा पैक्स, बिलैतीखैर पैक्स, | बिलैतीखैर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 34 | 29.06.26 | विशुनपुरा | पिपरी कला पैक्स, पतिहारी पैक्स, सारंग पैक्स | पिपरी कला पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 35 | | कांडी | हरिहरपुर पैक्स, घटहुआ पैक्स, | घटहुआ पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 36 | | सगमा | सोनडीहा पैक्स, कटहरकला पैक्स, | सोनडीहा पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 37 | 01.07.26 | गढ़वा | संग्रकला पैक्स, प्रतापपुर पैक्स | संग्रहकला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 38 | | मेराल | पेशका पैक्स, गेरूआसोती पैक्स, चामा पैक्स | पेशका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 39 | | नगरउटारी | नगरउटारी पैक्स, अघौरा भोजपुर पैक्स, | अघौरा भोजपुर पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 40 | 02.07.26 | नगरउटारी | पिपरडीह पैक्स, चितविश्रामपुर पैक्स, | चितविश्राम पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 41 | | रंका | भौरी पैक्स, चुतरू पैक्स, बेलमादामर पैक्स, | भौंरी पैक्स (गोदरमाना हाई स्कूल के पास समुदायिक भवन में) | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 42 | | रमना | हरदागकला पैक्स, भागोडीह पैक्स | भागोडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 43 | 03.07.26 | रंका | तमगेकला पैक्स, रंका पैक्स | रंका पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 44 | | धुरकी | भण्डार पैक्स, रक्सी पैक्स | रकसी पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 45 | | बरडीहा | जतरो बंजारी पैक्स, सुखनदी पैक्स एवं आदर पैक्स | आदर पंचायत भवन | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 46 | 04.07.26 | गढ़वा | फरहटिया पैक्स, उड़सुंगी पैक्स, बेलचम्पा पैक्स, | फरहटिया पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 47 | | भवनाथपुर | सिंदुरिया पैक्स, मकरी पैक्स | मकरी पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 48 | | रमकंडा | रमकंडा पैक्स, रक्सी पैक्स, उदयपुर पैक्स, | रमकंडा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 49 | 06.07.26 | मझिआंव | खरसोता पैक्स, मोरवे पैक्स | मोरवे पंचायत भवन | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 50 | | भण्डरिया | बिजका लैम्पस, मदगड़ी क लैम्पस, पार्ट लैम्पस | मदगड़ी (क) लैम्पस | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 51 | | नगरउटारी | गरबांध पैक्स जंगीपुर पैक्स, पाल्हेकला पैक्स | गरबांध पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 52 | 07.07.26 | नगरउटारी | हलिवंता पैक्स, कुम्बाखुर्द पैक्स, | हलिवंता पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 53 | | गढ़वा | कल्याणपुर पैक्स, छतरपुर पैक्स, चिरौंजिया पैक्स, | कल्याणपुर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 54 | | रंका | विश्रामपुर पैक्स, कटरा पैक्स, सेवाडीह पैक्स | सेवाडीह पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 55 | 08.07.26 | नगरउटारी | कुशदण्ड पैक्स, अहिरपुरवा पैक्स | अहिरपुरवा पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 56 | | डण्डा | डण्डा पैक्स, भिखही पैक्स, छपरदगा पैक्स | भिखही पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 57 | | कांडी | गाड़ाखुर्द पैक्स, खरौंधा पैक्स | गाडाखुर्द पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 58 | 09.07.26 | भण्डरिया | भण्डरिया लैम्पस, जनेवा लैम्पस,करचाली लैम्पस, | भण्डरिया लैम्पस | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 59 | | मझिआंव | रामपुर पैक्स, करमडीह पैक्स | करमडीह पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 60 | | रमना | बाहियारकला पैक्स, बाहियारखुर्द पैक्स, बुल्का पैक्स | बाहियारकला पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 61 | 10.07.26 | गढ़वा | जाटा पैक्स, ओबरा पैक्स | जाटा पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 62 | | डंडई | सोनेहरा पैक्स, डंडई पैक्स | डंडई पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 63 | 11.07.26 | डंडई | झोतर पैक्स, पचौर पैक्स | पचौर पैक्स | श्रीमती संज्ञा आनन्द | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 64 | | मझिआंव | मझिआंव कला पैक्स, तलसबरिया पैक्स | मझिआंव कला पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 65 | 13.07.26 | केतार | लोहरगड़ा पैक्स, पाचाडुमर पैक्स | लोहरगड़ा पैक्स | श्री पास्कल डुंगडुंग | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 66 | | नगरउटारी | पुरैनी पैक्स, विलासपुर पैक्स | विलासपुर पैक्स | श्री परमानन्द सिंह | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 67 | 14.07.26 | रंका | कंचनपुर पैक्स, खरडीहा पैक्स | कंचनपुर पैक्स, | मो0 हासिम अंसारी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 68 | | मेराल | आरंगी पैक्स, चचरिया पैक्स | आरंगी पैक्स, | श्रीमती संज्ञा आनन्द | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |
| 69 | 15.07.26 | खरौंधी | अमरोरा पैक्स, सिसरी पैक्स | सिसरी पैक्स | श्री काशी नाथ रवानी | अनुमण्डल अंकेक्षण पदाधिकारी, गढ़वा |
| 70 | | डंडई | करके पैक्स, लवाहीकला पैक्स, | करके पैक्स | मो0 हासिम अंसारी | जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा |

सदस्यता ग्रहण करने हेतु समिति के अध्यक्ष/प्रबंधकारिणी को (प्रपत्र–V) में आवेदन करते हुए 10 रूपये सदस्यता शुल्क तथा 100 रूपये हिस्सा पूँजी मद में कुल–110 रूपये जमा करना होगा। समिति के द्वारा 15 दिनों के अन्दर नये सदस्यों को सदस्यता प्रदान कर दी जायेगी। यदि समिति के अध्यक्ष द्वारा सदस्य बनाने में कोताही बरती जाती है तो योग्य व्यक्ति जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा/सहायक निबंधक, सहयोग समिति, गढ़वा अंचल, गढ़वा के कार्यालय में आवेदन पत्र (प्रपत्र–V) तथा अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड) छायाप्रति समर्पित करेंगे।

जिला सहकारिता पदाधिकारी
गढ़व

PR 382316 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (26-27)_D

## संक्षिप्त समाचार

### मोकामा के सुमन कुमार ने हैमर थ्रो में जीता स्वर्ण



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही 92वीं बिहार स्टेट जूनियर एंड सीनियर एथलेटिक चैंपियनशिप 2026 में मोकामा के लाल सुमन कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। हैमर थ्रो इवेंट में सुमन कुमार ने 49.31 मीटर की शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फाइनल में उनके प्रदर्शन ने दर्शकों और कोचों का दिल जीत लिया। सुमन कुमार मोकामा के फारसी मुहल्ला निवासी रामानुज सिंह के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से मोकामा और पूरे पटना जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुमन की मेहनत और लगन ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।92वीं बिहार स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में राज्य भर से जूनियर और सीनियर एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जा रहा है।

### पिपला गांव में महिला के घर घुसकर छेड़खानी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पिपला खगड़ी गांव की एक 30 वर्षीय महिला ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया कि 10 जून की रात करीब 3 बजे वह खाना खाकर घर में सो रही थी। आरोप है कि गांव के ही रंजय कुमार उम्र करीब 22 वर्ष, पिता श्रीभगवान यादव छत के रास्ते घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी कि अगर संबंध नहीं बनाएगी तो उसके तीनों बच्चों और उसे जान से मार देगा, साथ ही अन्य लोगों से दुष्कर्म करवाने की धमकी भी दी। पीड़िता ने आवेदन में कहा है कि आरोपी ने करीब दो महीने पहले भी सोते समय उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी, लेकिन परिवार की इज्जत समझकर उसने बात दबा दी। महिला के पति दिहाड़ी काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं, इसी का फायदा उठाकर आरोपी अकेला पाकर हरकत करता है।पीड़िता ने थानाध्यक्ष से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के सरसी गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक युवक को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सरसी गांव निवासी स्व कौशल सिंह के पुत्र रवीश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पालीगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि सरसी गांव में अवैध हथियार रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ रवीश कुमार के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसके घर से एक देशी कट्टा तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने हथियार एवं कारतूस को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व रक्तदाता दिवस



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में एसएमडी कॉलेज पुनपुन की एनसीसी कंपनी द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने पुनपुन बाजार के मुख्य मार्गों से जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान कैडेट्स ने पोस्टर और बैनर के माध्यम से "रक्तदान जीवनदान" और "रक्तदान महादान" के नारे लगाए और लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया। एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर हमें रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा, "रक्तदान महादान है। इससे हम दूसरों की जिंदगी बचाते हैं, इसलिए हमें रक्तदान अवश्य करना चाहिए।प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. मधुरेंद्र ने कहा कि रक्तदान सभी को करना चाहिए। रक्तदान से एक नहीं बल्कि कई लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान के विभिन्न स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए।

### पागल कुत्तों के कहर से दहशत में है शहर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इलाके में इन दोनों लावारिस और पागल कुत्ते का इस कदर दहशत है कि लोग कुत्ते को देखकर भागना शुरू कर दिया है हालत यह है कि स्टेशन रोड इलाके में एक ही दिन में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को एक ही कुत्ता ने शिकार बनाया जिसके डर से लोग डरे हुए हैं नगर परिषद को लावारिस कुत्ते पकड़ने की जिम्मेदारी सौंप गई थी लेकिन आज तक शहर का एक भी लावारिस कुत्ता नगर परिषद ने नहीं पकड़ा जिसके चलते बाढ़ इलाके में लावारिस कुत्तों का कहर बढ़ गया है बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल के 5 दिन का आंकड़े बताते हैं कि बीते 8 जून को 17 लोग, 9 जून को 10 लोग, 10 जून को 9 लोग, 11 जून को 6 लोग और 12 जून को खबर लिखे जाने तक 9 लोग कुत्ता काटने का शिकार हुए हैं जिसे सरकारी अस्पताल में इंजेक्शन दिया गया। अस्पताल के कर्मचारी भी इतनी ज्यादा संख्या में डॉग बाइट का रेबीज इंजेक्शन देते देते परेशान है लेकिन नगर परिषद की अभी तक नींद नहीं खुली है।

### हाथ का नस कटकर आत्महत्या का प्रयास

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बांध रोड स्थित युवक घरेलू विवाद के चलते इतना आक्रोशित हो गया कि गुस्से में उसने अपने हाथ की कलाई पर तेज धार वाला चाकू से कई बार नस काटने का प्रयास किया। गंभीर हालत में युवक को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां युवक का इलाज चल रहा है युवक की पहचान 24 वर्षीय विकास कुमार के रूप में की है/चिकित्सा इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की सलाह दी है।

### अंचल कार्यालय का चक्कर काट रही विधवा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्राट चौधरी की सरकार ने अंचल से संबंधित कार्य महज 30 दिन के भीतर पूर्ण करने का दिशा निर्देश दिया तो जरूर है लेकिन बाढ़ में कुछ अलग ही नजारा देखने को मिलता है धनाम मुबारकपुर पंचायत की विधवा महिला पम्मी देवी अंचल कार्यालय की कार्यशैली से काफी नाराज हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन की दाखिल खारिज के लिए दो महीना से भी पहले आवेदन किया था। जिसका केस नंबर 160 है एक तरफ मैं अपने जवान पुत्र सूरज कुमार के कैंसर का इलाज करते करते थक चुकी हूं। वहीं दूसरी तरफ अंचल कार्यालय के दलाल मोटी राशि का डिमांड करते हैं जिसके चलते मेरा दाखिल खारिज फंसा हुआ है। मेरे फाइल को पैसे के लिए पेंडिंग में दबा दिया गया है जिसके चलते मैं परेशान हूं। मैं दर्जनों बार अंचल कार्यालय का चक्कर काट कर अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर भी आरजू विनती की हूं लेकिन आज तक मेरा काम नहीं हुआ अधिकारी सीधे बात ना करके दलालों से मिलने की बात करते हैं। मामले पर जब अंचल कार्यालय से संपर्क साधा गया तो कोई भी कर्मचारी सार्थक रूप से जवाब देने को तैयार नहीं है।

### नल जल योजना के ऑपरेटर को 26 महीने से मानदेय नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के करीब 13 पंचायत में नल जल योजना का बुरा हाल है हालत यह है कि जल योजना पर पानी मुहैया कराने के लिए मोटर ऑपरेटर अनुरक्षण को 26 महीना से मानदेय नहीं मिला है जिसके चलते संचालक काफी नाराज हैं कई बार कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी आज तक विभाग ने पेमेंट के लिए कोई पहल नहीं की है जिसके चलते अब लोग हड़ताल के मूड में हैं धनाम मुबारकपुर पंचायत के अनुरक्षण तपेश्वर कुमार जितेंद्र राय राजधार पासवान धनेश्वर यादव और धर्मेंद्र पासवान ने बताया कि पीएचडी विभाग हो या बीपीआरओ कोई सुनने को तैयार नहीं है सिर्फ दिलासा पर आज तक काम चल रहा है ऐसी स्थिति में र2000 प्रति महीना मिलने वाला पैसा भी सरकार नहीं दे पा रही है और समय पर काम करना पड़ रहा है अब लोग पंचायत के नजर योजना संचालित नहीं करने के मूड में है/मामले पर जब पंचायती राज पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने आवंटन नहीं आने की बात कही।

# पुलिस मुठभेड़ में ढेर मो. हैदर चार संगीन मामलों में था आरोपी

## हत्या केस में चार महीने पहले ही आया था जेल से बाहर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार शाम पुलिस मुठभेड़ में मारा गया अपराधी मो. हैदर चार संगीन आपराधिक मामलों में संलिप्त था और चार महीने पहले ही हत्या के केस में जेल से छूटा था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मृतक के खिलाफ मसौढ़ी थाना में ही चार केस दर्ज हैं।थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मृतक हैदर अली के खिलाफ मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 249/25, 537/25, 197/26 एवं 391/26 दर्ज हैं। ये सभी मामले पिछले वर्ष 18 मार्च से इस वर्ष 16 मई के बीच के हैं। इनमें हत्या, डकैती, अवैध हथियार रखने और रंगदारी जैसे संगीन आरोप शामिल हैं। अन्य थानों से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि पता चल सके कि वहां कोई मामला दर्ज है या नहीं। मृतक मो. हैदर मणिचक-सोनकुकरा भोजपुर सीमा पर बसे मोहल्ले के निवासी मो. मुजफर आलम का इकलौता बेटा था। मुजफर आलम पटना में एक बाइक सर्विस सेंटर में मैकेनिक का काम करते हैं।सोनकुकरा स्थित हैदर के घर में सन्नाटा पसरा है। परिजन बेहद दुखी हैं और कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। आसपास के लोग भी चुप्पी साधे हुए हैं, कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है। शुक्रवार देर शाम की घटना के बाद से अब तक पुलिस घटनास्थल से चार कारतूस के खोखे बरामद कर चुकी है। थानाध्यक्ष विवेक भारती के अनुसार तीन खोखे शुक्रवार रात को ही मौके से मिले थे, जबकि एक खोखा शनिवार सुबह झाड़ियों से बरामद हुआ। घटनास्थल पर एक अपराधी का चप्पल भी मिला है। झाड़ियों में खोखे खोजने के लिए दर्जनों पुलिसकर्मी लगे हुए हैं।थानाध्यक्ष समेत दो दर्जन पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शनिवार सुबह से घटनास्थल पर छानबीन में जुटे हैं। बरामद खोखों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस अपनी ओर से प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

### मसौढ़ी मुठभेड़ में शीशम के पेड़ बने पुलिस के लिए सुरक्षा कवच, गोलियों से बचाई कई जिंदगियां



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मणिचक में शुक्रवार शाम हुई पुलिस-अपराधी मुठभेड़ में घटनास्थल पर खड़े शीशम के पेड़ पुलिसकर्मियों के लिए सुरक्षा कवच साबित हुए। खूनी वारदात के गवाह बने इन पेड़ों की आड़ लेकर ही पुलिस ने अपराधियों का मुकाबला किया और कई जवानों की जान बची। दरअसल शुक्रवार देर शाम करीब 7:30 बजे जब अपराधियों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू की, उस वक्त सभी पुलिसकर्मी शीशम के पेड़ों की ओट में छिप गए। पेड़ों के तने के पीछे से ही पुलिस ने अपराधियों का जवाब दिया। इसी दौरान मसौढ़ी थाना के अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार और दरोगा संजय कुमार को गोली लग गई।जवाबी कार्रवाई में घायल हुए अपराधी मोहम्मद हैदर की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हैदर चार महीना पहले ही हत्या के केस में जेल से बाहर आया था। उस पर कई अन्य मामलों में भी संलिप्तता के आरोप थे।इस मुठभेड़ के दौरान मनीचक मोहल्ले के कई जांबाज युवाओं ने भी पुलिस को भरपूर सहयोग दिया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने हालात पर काबू पाया, जिस वजह से कई पुलिसकर्मियों की जान बच सकी।घटनास्थल पर मौजूद शीशम के पेड़ों पर गोलियों के निशान इस खूनी मुठभेड़ की गवाही दे रहे हैं। पुलिस टीम अब पेड़ों और आसपास के इलाके से कारतूस के खोखे बरामद कर सबूत जुटा रही है।

### पकड़ी गांव से 16 साल की नाबालिग लापता

**मां ने तीन युवकों पर बहला-फुसलाकर अगवा करने का लगाया आरोप**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित मां ने गांव के ही तीन युवकों पर बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा करने का आरोप लगाते हुए मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है।शांति देवी पति सुजीत यादव ने आवेदन में बताया कि 13 जून को वह सुबह खेत में भूर्रा तोड़ने गई थी। करीब 10:30 बजे घर लौटी तो उसकी 16 वर्षीय बेटी अंशु कुमारी घर पर नहीं थी। आसपास और रिश्तेदारों से फोन पर पूछताछ की, लेकिन कोई पता नहीं चला।इधर-उधर पूछताछ करने पर पता चला कि गांव के ही रिंपू देवी उम्र करीब 27 वर्ष पति रामबाबू यादव, रंजीत कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता लालबाबू यादव और सूरज कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता रामबाबू यादव सुबह करीब 9 बजे अंशु को बहला-फुसलाकर गांव के बाहर रोड पर ले गए और बस में बैठाकर कहीं चले गए। शांति देवी का आरोप है कि जब वह आरोपी युवकों के घर पूछने गई तो सभी झगड़ा करने लगे और ईंट-पत्थर फेंकने लगे।

# मसौढ़ी मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे आईजी जितेंद्र राणा, कहा- पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं, 7 अपराधी गिरफ्तार

**भारी मात्रा में पिस्टल, गोली और 3.98 लाख रुपये बरामद; सभी का आपराधिक इतिहास खंगाल रही पुलिस**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस-अपराधी मुठभेड़ मामले का जायजा लेने शनिवार को आईजी जितेंद्र राणा घटनास्थल मणिचक पहुंचे। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ घटनास्थल और पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की। मीडिया से बात करते हुए आईजी जितेंद्र राणा ने कहा कि पुलिस को एक युवक रंजन के अगवा होने की सूचना मिली थी। अगवा युवक को बचाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इसमें हमारे दो पुलिस पदाधिकारी जख्मी हुए थे, जो फिलहाल ठीक हैं। जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी को गोली लगी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। आईजी ने बताया कि मृतक अपराधी मोहम्मद हैदर पिता मोहम्मद मुजफ्फर, भोजपुर सोनकुकरा का रहने वाला था। इस मामले में कुल 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी संख्या में पिस्टल, गोली और 3.98 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। सभी गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की जा रही है और उनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।आईजी जितेंद्र राणा ने कहा कि मुस्तैदी के साथ अपराधियों को जवाब देने वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस की मदद करने पर उन्हें भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।आईजी ने स्पष्ट कहा कि पुलिस पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून से खिलवाड़ करना अपराधियों को महंगा पड़ेगा। जो भी कानून के दायरे में आएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। खासकर पुलिस पर हमला करने वालों को तो किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।आईजी जितेंद्र राणा के साथ पूर्वी सिटी एसपी परिचय कुमार, एएसपी कमल मीणा, मसौढ़ी थाना अध्यक्ष विवेक भारती समेत कई थानेदार और डीएसपी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# मसौढ़ी मुठभेड़ मामले में उठ रहे कई सवाल, अगवा की सूचना पर पुलिस बिना तैयारी क्यों गई?



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार शाम मणिचक में हुई पुलिस-अपराधी मुठभेड़ के बाद कई सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह कि हथियार के बल पर अगवा युवक की सूचना पर पुलिस पूरी तैयारी के साथ क्यों नहीं गई? बताया जाता है कि शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि 6-7 हथियारबंद अपराधी एक युवक को अगवा कर मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही दो दारोगा समेत चार पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। दोनों ओर से हुई फायरिंग में अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार और दरोगा संजय कुमार को गोली लग गई और वे गिर पड़े। पुलिसकर्मियों को गिरते देख मणीचक मोहल्ले के करीब 20 से 25 नौजवानों ने मोर्चा संभाल लिया। वे लाठी-डंडे लेकर अपराधियों पर टूट पड़े, जिसके बाद अपराधी भागने में सफल रहे। जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी मो. हैदर भी गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पूरे मसौढ़ी में चर्चा है कि जब पुलिस को युवक के अपहरण की पुख्ता सूचना मिली थी तो बिना अतिरिक्त बल और तैयारी के क्यों गई? अगर मौके पर स्थानीय युवा नहीं पहुंचते तो हालात और बिगड़ सकते थे। दो पुलिसकर्मी घायल होने के बाद मोर्चा कौन संभालता? फिलहाल मसौढ़ी में हुई यह मुठभेड़ पुलिस की रणनीति और तैयारी को लेकर कई सवाल छोड़ गई है।

### हथियार के साथ 3.98 लाख रुपए बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी पुलिस शनिवार की दोपहर खरांट गांव स्थित मंटू कुमार के घर छापामारी कर एक देशी पिस्तौल व चार जिन्दा कारतूस के अलावे 3.98 लाख 9 सो रूपया बरामद कर लिया. हालांकि मंटु पुलिस के हत्थे नही आया. बताया जाता है कि इस मामले को भी बीते शुक्रवार को पुलिस व अपराधियो के बीच हुयी मुठभेड से जोडकर देखा जा रहा है. शुक्रवार की रात से शनिवार शाम तक छापामारी की है. कुछ जगहों पर हथियार व बदमाश गिरफ्तार हुये है वही कुछ जगहों से बदमाश फरार भी हो गये है. उन्ही मे से एक है खरांट गांव के स्वर्गीय नरेश यादव के पुत्र मंटु कुमार का घर. पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर उसके संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है.

# सब्जी कैरेट की आड़ में 10 लाख की विदेशी शराब बरामद, पिकअप समेत तस्कर गिरफ्तार

**रांची से मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थी 107 कार्टन शराब, नदौल चौकी के पास उत्पाद पुलिस ने दबोचा**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब माफिया नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। गुरुवार देर रात उत्पाद विभाग ने पटना-गया एनएच पर नदौल मध्य निषेध चौकी के पास एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। सब्जी कैरेट के नीचे छुपाकर ले जाई जा रही 107 कार्टन विभिन्न कंपनियों की शराब जब्त की गई है। बाजार में इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है।उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड के रांची से एक पिकअप वैन में शराब लोड कर मुजफ्फरपुर डिलीवरी के लिए ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम गठित कर नदौल चौकी के पास घेराबंदी की गई। दूर से पुलिस को देखते ही शराब सप्लायर पिकअप लेकर भागने लगा। उत्पाद पुलिस ने पीछा कर उसे खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार सप्लायर की पहचान छपरा जिले के राजपुर निवासी ललेश कुमार भारती के रूप में हुई है। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि पिकअप से 107 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई है। शराब को सब्जी कैरेट के नीचे छुपाकर रखा गया था। जब्त शराब की कीमत लगभग 10 लाख रुपये है।संजय कुमार चौधरी ने कहा कि आरोपी से कड़ी पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लाई गई थी और कहां पहुंचानी थी। पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। लगातार इसी रास्ते से शराब की तस्करी की सूचना मिल रही थी। रंगे हाथ पकड़े जाने से शराब माफिया में हड़कंप मच गया है।उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी कर शराब की खेप जब्त कर रहा है, फिर भी तस्कर बाज नहीं आ रहे। छापेमारी दल में उत्पाद इंस्पेक्टर सरीता कुमारी, सब इंस्पेक्टर बसंत राज,एएसआई कौशल कुमार ,एएसआई सतीश कुमार निराला समेत सभी पुलिस जवान की टीम शामिल रहे।

# धनरूआ और मसौढ़ी में भाकपा माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन व प्रखंड कमेटी बैठक संपन्न

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार को 'भाजपाई बुलडोजर राज की प्रयोगशाला' बनाने के खिलाफ जन प्रतिरोध खड़ा करने और पार्टी संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए भाकपा माले ने शुक्रवार को धनरूआ और मसौढ़ी में बैठकें कीं।धनरूआ के जलालपुर सामुदायिक भवन में कार्यकर्ता कन्वेंशन संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव अक्लु पासवान ने की। वहीं मसौढ़ी पार्टी कार्यालय में प्रखंड कमेटी की विस्तारित बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव राकेश कुमार ने की। दोनों जगह दिवंगत पार्टी सदस्यों और नामचीन हस्तियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।कन्वेंशन व बैठक को भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास, राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार सहित प्रमोद यादव, कमला देवी, रिंकू देवी, जितेंद्र राम, वीरेंद्र प्रसाद, नागेश्वर पासवान, संजय पासवान व अन्य नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में पार्टी ढांचे को गतिशील बनाने, अखिल भारतीय खेल व ग्रामीण मजदूर सभा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने पर चर्चा हुई। जिला कमेटी के सर्कुलर के आलोक में तय कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। धनरूआ कन्वेंशन में सैकड़ों माले व खेत मजदूर कार्यकर्ता शामिल हुए।



# पालीगंज-अकबरपुर सड़क बालू लदे ट्रकों से जाम

**ग्रामीणों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज-अकबरपुर मुख्य सड़क पर बालू लदे भारी ट्रकों के लगातार आवागमन से जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सड़क पर लगने वाले जाम से आम लोगों के साथ-साथ क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर अकबरपुर निवासी चंद्रभूषण कुमार ने अनुमंडल प्रशासन से हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नगवां स्थित अनुमंडल अस्पताल इसी मार्ग पर होने के कारण मरीजों का आवागमन लगातार बना रहता है। भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम से गंभीर मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाने का खतरा भी बना रहता है, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर कई सरकारी एवं निजी विद्यालय भी संचालित हैं। जाम के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में परेशानी होती है। भीषण गर्मी के मौसम में घंटों सड़क जाम में फंसे रहने से बच्चों एवं अभिभावकों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। इसके अलावा, सीमावर्ती अरवल जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय लोग भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में जाम की समस्या का असर पालीगंज के साथ-साथ अरवल जिले के लोगों पर भी पड़ रहा है। अकबरपुर निवासी एवं अरवल से आकाशवाणी संवाददाता चंद्रभूषण कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज से मांग की है कि बालू लदे भारी ट्रकों का परिचालन निर्धारित वैकल्पिक मार्गों से कराया जाए, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# मसौढ़ी मुठभेड़: जख्मी प्रभारी थानाध्यक्ष के बयान पर आधा दर्जन अपराधियों पर केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के मणीचक-चकदाहा के पास शुक्रवार देर शाम हुई पुलिस-अपराधी मुठभेड़ मामले में जख्मी प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार के बयान पर मसौढ़ी थाना में कांड संख्या 486/26 दर्ज किया गया है। इसमें पांच-छह अज्ञात अपराधियों को आरोपित बनाया गया है।दर्ज प्राथमिकी में अपराधियों पर अवैध हथियार से पुलिस को टारगेट कर जान मारने की नीयत से हमला करने, पुलिस की जान जोखिम में डालने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया गया है।प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम सूचना मिली कि संघतपर मोहल्ला निवासी रंजीत चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार का हत्या के उद्देश्य से अपहरण कर कुछ युवक मणीचक की ओर ले गए हैं। सूचना पर वे अवर निरीक्षक नूर आलम, एएसआई संजय कुमार, एएसआई नवीन कुमार और एक अन्य बल के साथ मौके पर पहुंचे। मणीचक-चकदाहा के पास पहुंचते ही 'बचाओ-बचाओ' की आवाज आई। यह आवाज रंजन कुमार की थी। पुलिस ने अपराधियों को रुकने को कहा, तभी उनकी ओर से अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग में प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार के बाएं पैर के घुटने और बाएं हाथ के अंगूठे में गोली लग गई, जिससे उनका सरकारी पिस्टल जमीन पर गिर गया। एएसआई संजय कुमार के हाथ में भी गोली लगी।जख्मी हालत में ही एएसआई संजय कुमार ने सर्विस रिवाल्वर से छह राउंड और एएसआई नवीन कुमार ने एक राउंड फायरिंग की। पुलिस की गोली एक अपराधी मोहम्मद हैदर अली के सीने में लगी, जिसकी देर रात मौत हो गई।

# अभाविप ने 'पक्षी बचाओ अभियान' के तहत की सराहनीय पहल

**कॉलेज में इनके दाना-पानी के लिए खाद्य सामग्री टांगी**

डॉ. राजीव नयन



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग परअवस्तिथ श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय के हरियाली युक्त परिसर में पेड़ों पर शनिवार को एस.एफ.डी. (स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट) के तत्वावधान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), हिलसा इकाई द्वारा विभिन्न स्थानों पर भीषण गर्मी को देखते हुए "पक्षी बचाओ अभियान" के अंतर्गत पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गयी।इस अभियान का उद्देश्य बढ़ती गर्मी में पक्षियों को भोजन एवं पानी उपलब्ध कराकर उनके जीवन की रक्षा करना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल पटेल व नितीश कुमार ने कहा कि "मानवता का सच्चा स्वरूप केवल इंसानों की ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जंतुओं की सेवा और संरक्षण में निहित है। भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। युवा छात्र नेता श्री साहिल ने कहा कि परिंदे ईश्वर की एक बेजोड़ कृति हैं इनकी आवाज,उड़ान और चहचहाहट में प्रकृति का एक अनमोल संदेश छुपा है।ये हमारे धरोहर हैं। प्रसिद्ध पक्षी वैज्ञानिक डॉ सालिम अली ने इनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए भारत में कई कार्य किये हैं। वहीं, कॉलेज अध्यक्ष श्री तुषार कपूर ने उपस्थित छात्रों को पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी और सभी से अपने-अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में भी पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की।गौरैया के विलुप्त होने पर उसके संरक्षण की बातें भी हुई।प्राचार्य शिवचंद्र सिंह,वरीय मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ0 राजीव कुमार नयन,चिंटूजी व नवीन मालाकार ने इस अभियान की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंकित कुमार, सूरज कुमार, आशीष कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार, अनिल कुमार, टुटू कुमार तथा बिनीत कुमार यादव सहित अभाविप के अनेक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर दर्द की दवा है जमालशाह के शहर में...पर रात भर झूमते रहे श्रोता

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्यों आके रो रहा है जमालशाह के शहर में, हर दर्द की दवा है जमालशाह के शहर में तथा ये मुकाम मौला अली का है, जो बिका मोहम्मद के नाम वो गुलाम अली का है और उसे चूम ले बाबा समझ तू जो उनकी पत्थर उनकी गली का है जैसे सूफियाना संगीत के महफिल में कव्वालों ने अपनी बेतरीन गीत, गजल व नात पेश कर श्रोताओं को रात भर भक्ति के सागर में डुबोता रहा। मौका था जमालशाह बाबा का 379वां सालाना उर्स पर शुक्रवार की देर रात आयोजित कव्वाली जश्ने महफिल का। एक तरफ गया के मुनव्वर ताज और दूसरी तरफ भागलपुर के महमूद ताज के बीच जुगलबंदी कव्वाली पेशकश से बाबा का मजार पूरे शान में पहुंच गया था, वहीं श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश होना पड़ा। कव्वालों ने जो उनकी नवी का हो गया है वो खुदा का हो गया है, मेरे नवी की तरह कोई आया नहीं है, नवी कभी रूलाया नहीं, और मेरे मुस्तफा से बढ़कर नहीं मरतवा किसी का जैसे सुफियाना भक्तिभव भजनों की प्रस्तुतियां दी गयी। इधर मजार पर बाबा के दर्शन करने तथा आशीर्वाद लेने के मुंगेर-जमालपुर के पुलिस पदाधिकारियों तथा रेल अधिकारियों भी पहुंचे। और रात भर दुआ-फातिहा और चादरपोशी की रस्म होती रही। वहीं रातभर भक्तों की भीड़ बाबा के मजार पर उमड़ती रही। लोग अपने मन की मुरादे पूरी करने तथा जमालशाह बाबा का आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी शिद्दत से अपनी बारी का इंतेजार करते दिखे। वहीं रातभर मजार के पास मेला जैसा उत्सव रहा। मौके पर गद्दीनशीन मोहम्मद साबिरउद्दीन चिश्ती, हाफिज फैयाज, मो. कादिर, मो. राजी, मो. इरफान, मो. अशफाक खान, मो. अमन, मो. अयान,मौलाना आमिर, हाफिज फरहान, हाफिज गुलजार, मौलाना सलाहुद्दीन, हाफिज इम्तियाज, हाफिज शहंशाह, हाफिज अर्श, मो. इस्लाम चिश्ती, मो.अनुल बसरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### राजापुर मठिया में नव विवाहिता की संदिग्ध मौत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के राजापुर मठिया गांव में एक नव विवाहिता की संदिग्ध में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई है और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही कोटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान राजापुर मठिया निवासी आलोक गिरी की 26 वर्षीय पत्नी नीतू कुमारी के रूप में हुई है।नीतू कुमारी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के भदा गिरी टोला निवासी सुरेंद्र गिरी की 26 वर्षीय पुत्री है। बताया जाता है कि नीतू की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व राजापुर मठिया निवासी आलोक गिरी के साथ हुई थी।दंपति का एक दो माह का पुत्र भी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस कमरे में घटना हुई वहां छत के पंखे से एक दुपट्टा लटका हुआ पाया गया, जबकि विवाहिता का शव बेड पर रखा हुआ था। पुलिस जब घटना स्थल पर पहुंची तो उक्त कमरे में बाहर से ताला लगा था।इस स्थिति को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और सभी पहलुओं की जांच कर रही है। वहीं, सूचना है कि मृतका के ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हैं। हालांकि पुलिस अभी मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ-2 जितेश पाण्डेय तथा सीओ मोनिका आनंद मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभी तक मृतका के परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। मामले की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल की जांच और साक्ष्य संग्रह के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है तथा फरार लोगों की तलाश भी शुरू कर दी गई है।



# जन सरोकार के मुद्दे पर बीस सूत्री की बैठक में पदाधिकारी को घेरा

**जल-नल, मनरेगा, राशन कार्ड, म्यूटेशन एवं सफाई व्यवस्था की हुई समीक्षा**




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर के सभा कक्ष में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव सह बीडीओ डॉ. प्रभात रंजन ने किया। बैठक के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और आम लोगों को समय पर लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष श्री मंडल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए जल-नल योजना, ओडीएफ, राशन कार्ड, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा योजनाओं में प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जनोपयोगी योजनाओं का लाभ आम लोगों को बेहतर ढंग से मिले, इसके लिए प्रशासन को संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। बैठक के दौरान भूमि संबंधी मामलों को भी प्रमुखता से उठाया गया। मोटेशन, परिमार्जन एवं अन्य राजस्व कार्यों में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए अंचल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जनहित के सभी मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। वहीं नगर परिषद क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।अध्यक्ष ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2016 के अनुसार प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अनिवार्य है। इसके बावजूद रविवार को शहर में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायतें मिल रही हैं। इस पर स्वच्छता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि रविवार सहित सप्ताह के सातों दिन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया। अधिकारियों ने सभी सुझावों एवं निदेशों पर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। मौके पर ज सीओ राकेश कुमार, समिति उपाध्यक्ष मनीष दयाल गोस्वामी,उत्तम कुमार, जानकी देवी, संजय, अशोक, नुरुल्लाह अमरजीत मंडल, रविरंजन, विनय, प्रतिमा देवी, मंटू दास, परिधि सिंह, शंकर कुमार सिंह, नरेंद्र, सहित अन्य मौजूद थे।

## साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो युवक गिरफ्तार




**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पूर्वी चंपारण पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साइबर थाना पुलिस ने बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगों की मदद करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर थाना की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-13 निवासी राहुल कुमार तथा रतनपुर (हरदिया) निवासी श्यामबाबू कुमार को गिरफ्तार किया। जांच के दौरान पता चला कि दोनों आरोपी अपने बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम मंगाने के लिए करते थे। खातों में राशि आने के बाद वे नकद निकासी कर उसे साइबर अपराधियों तक पहुंचाने का काम करते थे। पुलिस जांच में महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से यूपीआई एवं अन्य डिजिटल माध्यमों द्वारा संदिग्ध लेन-देन के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इसके आधार पर दोनों के विरुद्ध साइबर थाना कांड संख्या 103/26 दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार साइबर अपराधी अब सीधे ठगी करने के साथ-साथ आम लोगों के बैंक खातों का भी दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे मामलों में खाता धारक भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी परिस्थिति में अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक अथवा यूपीआई आईडी किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए न दें। किसी भी संदिग्ध लेन-देन की जानकारी तत्काल साइबर हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस थाना को दें।

## पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उच्चस्तरीय निरीक्षण



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी का शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग बिहार सरकार के उप निदेशक अब्दुस सलाम अंसारी एवं पूर्वी चंपारण के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) प्रहलाद गुप्ता ने विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का गहन अनुश्रवण किया। अधिकारियों ने विद्यालय में छात्रों के कुल नामांकन, पदस्थापित शिक्षकों की कोटिवार स्थिति, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, खेलकूद सुविधाओं सहित अन्य संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। गर्मी की छुट्टियों के कारण विद्यालय में पठन-पाठन कार्य बंद रहने के बावजूद अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि यदि विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्षों की आवश्यकता हो तो शीघ्र मांग-पत्र उपलब्ध कराया जाए। अधिकारियों ने विद्यालय को और अधिक सुसज्जित एवं व्यवस्थित बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण विकसित करने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय भेड़ियाही (बीएमसी) के प्रधानाध्यापक अब्दुल कलाम आजाद, मध्य विद्यालय रामपुर के प्रधानाध्यापक मिराज अंसारी, शिक्षक रवि कुमार रवि, रात्रि प्रहरी चंद्रिका पासवान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## तालब में डूबने से 10 वर्षीय बच्चे की मौत

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के जगिराहा पंचायत अंतर्गत बैरिया गांव में एक दर्दनाक हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान विंदेश्वर राय के 10 वर्षीय आयुष कुमार के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष कुमार शनिवार को घर के समीप स्थित तालाब के पास गया था। इसी दौरान किसी कारणवश वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो ग्रामीणों ने तत्काल तालाब में खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद बालक को पानी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आयुष अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी असामयिक मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## आरपीएफ के 26 अधिकारियों व जवानों का तबादला

**16 नए कर्मियों की तैनाती**



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।ट्रांसफर-पोस्टिंग के तहत एक साथ 26 अधिकारियों एवं जवानों का तबादला कर दिया गया है, जबकि 16 नए अधिकारियों एवं कर्मियों की जमालपुर पोस्ट में तैनाती की गई है। इस व्यापक बदलाव के बाद आरपीएफ जमालपुर में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं तथा सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार तबादला होने वालों में एक सब इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल, 22 कांस्टेबल तथा दो सिपाही शामिल हैं। सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा का स्थानांतरण जमालपुर से कहलगांव कर दिया गया है। वहीं हेड कांस्टेबल बम-बम सिंह का भी तबादला किया गया है। कांस्टेबल श्रेणी में सुंदरम कुमार, एसके सिंह, पवनीर कुमार, राजेश कुमार, जेके तोमर, आयुष कुमार, काजल कुमारी, पूजा कुमारी, विप्रा कुमारी, सविता यादव, शीला शाह, शिल्पी कुमारी, एसएल मीणा, अंकिता, सचिन कुमारी, रिंकी कुमारी, रामा देवी सहित अन्य जवानों का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा सिपाही विकेश कुमार एवं अमन कुमार का भी तबादला सूची में नाम शामिल है। वहीं दूसरी ओर आरपीएफ जमालपुर में 16 नए अधिकारियों एवं कर्मियों की तैनाती की गई है। इनमें तीन महिला एवं 13 पुरुष अधिकारी एवं जवान शामिल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सब इंस्पेक्टर स्तर पर हुआ है, जहां जेआर मीणा के स्थान पर एसआई भावेश कुमार को जमालपुर पोस्ट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भावेश कुमार का स्थानांतरण कहलगांव से जमालपुर किया गया है। इधर, तबादला को लेकर एक सम्मान समारोह की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने की। तथा बारी बारी से सभी नए व पुराने अधिकारियों व सदस्यों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त (एएससी) हीरा सिंह थे। उन्होंने कहा कि यह तबादला नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है। नए अधिकारियों एवं जवानों के योगदान के बाद रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म, रेल संपत्ति की सुरक्षा, यात्री सुरक्षा तथा विशेष अभियानों के संचालन में नई ऊर्जा और कार्यक्षमता बढ़ेंगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों की यात्रा पर मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 वर्ष में देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर बदल दीः राधामोहन सिंह**



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की यात्रा पर एक मीडिया संवाद का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय गांधी कांप्लेक्स में शनिवार को किया गया। मीडिया संवाद को संबोधित करते है सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की उस यात्रा की बात कर रहे हैं, जिसने देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत है, जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवा भाव। जन विश्वास और सुशासन वर्ष 2014 में देश ने मोदी जी पर भरोसा किया, वर्ष 2019 में पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उस पर मुहर लगाई, और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है। इसी जन - विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। लगातार तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहला काम पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर करके किया। यह इस बात का सीधा सबूत है कि इस सरकार के लिए गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ही सबसे पहले आते हैं।मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जन- आंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का शत प्रतिशत लाभ कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया। इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ, बल्कि देश के 4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बच गए। आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है। सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की वजह से देश आज नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है ।पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी अब कट-मनी और भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म हो रही है और वहां के लोगों को उनका हक मिल रहा है। संक्षेप में कहें, तो मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं हैं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है। जनकल्याण और समावेशन के तहत अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन- धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

## रेल में असामाजिक गतिविधि रोकथाम को लेकर आरपीएफ में चलाया जागरूकता अभियान

**यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ में चलाया अभियान**



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल यात्रियों के सुरक्षा को लेकर आरपीएफ ने शनिवार को जमालपुर स्टेशन में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान के दौरान यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जिसमें चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है।इसलिए ऐसा करने से बचें।फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है।यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें।क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें।यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अभी कहा कि मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अवैध होकर एवं वेंडर के विरुद्ध लगातार अभियान चलाते हुए कार्रवाई। मौके पर एसआई विकास कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल आरके चौधरी, रोहित कुमार,शमीम कुमार, केके मंडल, के-के सिंह सहित कई मौजूद थी।

**अनहोनी की आशंका पर करें डायल 139**

## युवा साहित्य कार्यक्रम में गूंजा संताली भाषा और संस्कृति का स्वर

**साहित्य अकादमी एवं जुवान ओनोलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम**




**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत साहित्य अकादमी एवं जुवान ओनोलिया के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया एससी एवं एसटी रेलवे एम्पलॉइज एसोसिएशन जमालपुर कारखाना कार्यालय परिसर में युवा साहित्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा संताली साहित्यकारों और रचनाकारों को अपनी साहित्यिक प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना तथा संताली भाषा एवं साहित्य के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना था। शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ। शिवसागर सोरेन ने अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित साहित्य प्रेमियों का स्वागत किया।अध्यक्षता साहित्य अकादमी के संताली सलाहकार बोर्ड के सदस्य नाजिर हेम्ब्रम ने की। युवा साहित्यकारों ने संताली भाषा में लघुकथाओं और कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्यिक प्रस्तुति देने वालों में बिरबल हेम्ब्रम, संजहालो मरांडी, सुबल कुमार मुर्मू, तूड़ा मुर्मू, विनय टुडू, सुशील हांसदा तथा सुनील मरांडी शामिल थे। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से संताली समाज, संस्कृति, परंपराओं और समकालीन सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में नाजिर हेम्ब्रम ने कहा कि युवा पीढ़ी साहित्य के माध्यम से अपनी भाषा, संस्कृति और पहचान को सशक्त बना सकती है। उन्होंने कहा कि संताली साहित्य के विकास और विस्तार में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही साहित्य अकादमी द्वारा युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन दिए जाने की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में महेंद्र कुमार हांसदा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुनेश्वर टुडू,श्रवण,सुखलाल बेसरा, बेसरा, चंपा कुमारी हेम्ब्रम, सरिता कुमारी, ठाकुर मुन्नी, बुलबुल हेम्ब्रम, शिबू बास्के गोपाल मरांडी, अभिनाश किस्कू सहित साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

**युवा रचनाकारों ने प्रस्तुत की कविताएं और लघुकथाएं**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास,विकास,जन कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जन संपर्क अभियान हेतु बैठक



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज हरसिद्धि विधानसभा के गायघाट स्थित एपेक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित "विशेष जनसंपर्क अभियान बैठक" को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन में देश के गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए संवेदना है। प्रत्येक निर्णय में अंत्योदय और गरीब कल्याण के लिए सोचना उनका स्वभाव है। यही सोच बीते 12 वर्ष में एक बड़े बदलाव की साक्षी बनी है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।श्री सिंह ने कहा कि सुशासन को आधार बनाकर केंद्र सरकार अब विकास को अंतिम पंक्ति तक पहुंचा रही है। आज सरकार की उपलब्धियों की बात होती है तो उसमें गरीब कल्याण सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की भावना से जनकल्याण के कार्य हो रहे हैं। 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।अंत्योदय के मंत्र के साथ केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्ष में अंतिम छोर तक विकास सुनिश्चित किया है। यह देश की बड़ी आबादी के लिए एक और सुरक्षा कवच है। केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीण और गरीब के जीवन में बदलाव आया है। दुनिया की विश्वसनीय रिपोर्ट बताती हैं कि भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है। इसके लिए एक विजन के साथ नीतियां अपनाई गईं।जनधन योजना से 58 करोड़ लोग पहली बार बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। जनधन-आधार-मोबाइल की त्रिशक्ति से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। आज 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान दिए गए। गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार हुआ है। पीएम उज्ज्वला योजना से रसोई धुंआ मुक्त हुई है। स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय मिले हैं।

## जलजमाव, बदहाल सड़कें और पेयजल संकट से जूझ रही श्यामपुर पंचायत

**ग्रामीणों ने विकास कार्यों पर उठाए गंभीर सवाल**




**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आदापुर प्रखंड की श्यामपुर पंचायत में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। पंचायत के विभिन्न वार्डों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं कि नल-जल योजना, नाली-गली योजना एवं अन्य विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उसका लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराए गए फोटो पंचायत की स्थिति को बयां करते नजर आते हैं। तस्वीरों में श्यामपुर बाजार गली नंबर-3 और आदापुर मेन रोड पर भारी जलजमाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सड़कें कीचड़ और गंदे पानी से लबालब भरी हुई हैं, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। छोटे-छोटे बच्चे पानी से भरी सड़क पर पैदल गुजरने को मजबूर हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालक भी कठिनाई के साथ रास्ता पार करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हल्की बारिश के बाद भी सड़कें तालाब का रूप ले लेती हैं। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बाजार क्षेत्र सहित कई मोहल्लों में जलजमाव की समस्या स्थायी बन गई है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिससे दुकानदारों, छात्रों और आम राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

**हरिजन बस्ती में सबसे अधिक परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की हरिजन बस्ती में वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। नालियों के अभाव और खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण बारिश का पानी घरों के आसपास जमा हो जाता है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**नल-जल योजना पर भी सवाल**

गर्मी के मौसम में नल-जल योजना की स्थिति को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है तथा नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के रखरखाव के नाम पर राशि खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

**पारदर्शिता और गुणवत्ता पर उठे सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में हुए कई विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। कुछ स्थानों पर अधूरे कार्य पड़े हैं, जबकि कहीं-कहीं निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। लोगों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

**मुखिया ने आरोपों को बताया निराधार**

वहीं श्यामपुर पंचायत के वर्तमान मुखिया ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि पंचायत में उपलब्ध संसाधनों और सरकारी नियमों के अनुसार लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों से समस्याएं उत्पन्न हुई हैं, जिन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मुखिया ने यह भी कहा कि पंचायत में हुए सभी कार्यों का रिकॉर्ड उपलब्ध है तथा किसी भी प्रकार की जांच का वे स्वागत करते हैं।

**ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही जलजमाव, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समक्ष आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई और संभावित जांच पर टिकी हुई हैं।

# बुद्धिजीवियों को पार्टी से जोड़ने का प्रयास कर रही भाजपा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने शुक्रवार को ओबरा विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलों में बुद्धिजीवियों के साथ अलग अलग कई बैठक की। हर बैठक में औसतन 50 बुद्धिजीवी शामिल हुए। बताया गया कि ये बुद्धिजीवी पार्टी से जुड़े हुए नहीं हैं। इसमें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, शिक्षक, प्रोफेसर, व्यवसायी शामिल हैं। सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ पत्रकारों को इस संबन्ध में जानकारी दी। उनके साथ भाजपा के जिला प्रवक्ता सोनी तिवारी, अभय चंद्रवंशी, संजय शर्मा, श्याम पाठक, नवलेश यादव, राकेश पांडेय समेत कई उपस्थित रहे। बताया कि यह बुद्धिजीवी स्वतंत्र विचार के हैं, और सभी ने माना कि नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाया है और अभी उनकी जरूरत देश को है। इन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी की सरकार कैसे कम कर रही है और कैसे पार्टी द्वारा किए गए चुनावी वादों को पूरा कर रहे हैं। इन्होंने बताया कि कश्मीर से 370 खत्म किया गया। 500 वर्षों से चले आ रहे राम मंदिर का विवाद सुलझा लिया गया। वहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। वर्ष 1993 में बनाए गए राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग को कोई अधिकार नहीं था, ना कोई इसका काम था। इसे नरेंद्र मोदी ने संवैधानिक अधिकार दिया। कहा कि तथाकथित समाजवादी नेताओं की सरकार भी रही, जिसमें कर्पूरी ठाकुर के अनुयाई भी शामिल रहे, लेकिन उनको भारत रत्न नरेंद्र मोदी ने दिया। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण देकर समाज के सभी गरीब तबकों को समान अवसर देने का प्रयास नरेंद्र मोदी ने किया। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि लोकसभा के 543 सीट हैं इनमें 33 प्रतिशत अतिरिक्त जोड़कर महिला आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से ही दिया जाएगा।

# एसबीआई के गार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत मामले में स्कॉर्पियो जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के कलाली मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के गार्ड उमेश यादव की मौत के मामले में पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है। इस संबंध में मृतक की पत्नी सरिता देवी के आवेदन पर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार, कासमा थाना क्षेत्र के भटकुरहा गांव निवासी उमेश यादव रफीगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में गार्ड के पद पर कार्यरत थे। बुधवार की रात वह आरबीआर उच्च विद्यालय के समीप स्थित अपने आवास से किसी कार्य से बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कलाली मोड़ के पास एक स्कॉर्पियो वाहन ने अचानक टर्निंग ले ली, जिससे उनको गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने दर्ज कराए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि स्कॉर्पियो संख्या BR01JX 6701 के चालक ने बिना इंडिकेटर दिए तथा लापरवाहीपूर्वक तेज गति से वाहन मोड़ दिया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि चालक की पुत्री का सतईसा कार्यक्रम घटनास्थल के समीप स्थित एक होटल में आयोजित था। परिजनों का आरोप है कि वाहन में तेज आवाज में गाना बजाया जा रहा था और चालक की लापरवाही के कारण ही उमेश यादव की जान गई। इस संबंध में रफीगंज थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है तथा मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त, खनन विभाग ने लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस ने अवैध रूप से बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार की अहले सुबह चार बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई हसपुरा बाजार क्षेत्र में की गई। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिल रही थी कि सुबह के समय अवैध बालू लदे ट्रैक्टर तेज रफ्तार से बाजार क्षेत्र से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायतों के सत्यापन के बाद पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया और शनिवार की सुबह बाजार के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई। इसी दौरान सीएम रिसोर्ट के समीप से गुजर रहे चार संदिग्ध ट्रैक्टरों को रोककर जांच की गई। जांच में ट्रैक्टरों पर अवैध रूप से बालू लदे होने की पुष्टि होने पर सभी वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है। खनन विभाग ने सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाने के आरोप में जब्त किए गए चारों ट्रैक्टरों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन एवं बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दो दशक तक किसानों की आवाज रहे पैक्स अध्यक्ष राम सूचित सिंह का पटना में निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के बाघौरा पंचायत अंतर्गत चिरैला निवासी एवं बघौरा पंचायत में लगभग दो दशकों तक पैक्स अध्यक्ष के पद पर रहकर किसानों और ग्रामीणों की सेवा करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी राम सुचित सिंह का बीती रात पटना स्थित एम्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। राम सुचित सिंह अपने सरल स्वभाव, जनसेवा और किसानों के हितों के लिए किए गए कार्यों के कारण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। लंबे समय तक पैक्स अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान और कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से पंचायत ही नहीं, पूरे रफीगंज क्षेत्र ने एक अनुभवी और जनप्रिय नेतृत्व को खो दिया है। निधन की सूचना मिलते ही विधायक प्रमोद कुमार सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि अनुज कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राम सुचित सिंह का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। "सादर नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की एवं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने के लिए कामना की।"

## चुलाई शराब व एक मोटरसाइकिल बरामद

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस नें प्रखंड के धुसरी गांव अंतर्गत गिरधारी मठिया के मुख्य सड़क से 50 लीटर देशी महुआ शराब एवं एक बाइक को बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार नें जानकारी देते हुयें बताया कि गुप्त सूचना मिली कि धुसरी गांव क्षेत्र में देसी शराब की तस्करी होने वाली है। पुलिस ने जाल बिछाते हुए तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले हीं तस्कर बाइक छोड़कर फरार हो गया। बाइक की तलाशी में डिक्की में रखा 50 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद हुआ।

# सैनिकों के परिजनों को भी विधिक सहायता

**विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को दी गई जरूरी जानकारी**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उन्थु और फेसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पैनल अधिवक्ता गोविंद कुमार सिंह ने किया और संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक विनय कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि इस क्रार्यकम में पहली बार जिलेवासियों को बताया गया है कि सैनिकों के परिजनों के लिए वीर परिवार सहायता योजना 2025 काफी लाभप्रद है जिसके तहत भारतीय सेना, अध्य सैनिक बलों के जवानों पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के समर्थन में इस योजना के लाभ के योग्य लोगों के लिए कानूनी सहायता और कार्यवाही के लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाई गई है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभ ले सकें। इस अवसर पर मुखिया वृजमोहन यादव, गुड्डू यादव, हीरा यादव, उदय कुमार सिंह, पप्पू कुमार, मालती देवी, पुनम देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। अधिवक्ता ने बताया कि प्राधिकार के सचिव न्यायधीश तान्या पटेल के निदेश पर 14 जून को प्राथमिक विद्यालय हज़ारी कर्मा, 21 जून को उर्दू विद्यालय काजी कर्मा चक्र जम्होर और 28 जून को उच्च विद्यालय बेलसारा देव में विभिन्न विषयों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# बंद घर से लाखों के जेवरात की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के वार्ड संख्या 17 पटवा टोली में एक बंद घर से चोरों द्वारा लाखों रुपए के सोना चांदी का जेवरात सहित अन्य सामान चुरा लिया गया। यह घटना शंभू कुमार के घर में हुई है। गृह स्वामी का कहना है कि 11 जून की दोपहर में वे अपने घर को बंद कर पूरे परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए उत्तर प्रदेश के बलीरामपुर चले गए थे। इसी दौरान उनके घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी, जिसकी जानकारी मुहल्ले वासियों द्वारा उन्हें दी गई। शुक्रवार की रात्रि में वे अपने घर पहुंचे तो देखें कि उनके घर के गोदरेज का ताला टूटा हुआ था। घर में रखा सोने का मंगलसूत्र, पायल, झुमका सहित अन्य जेवरात और 10 हजार रुपए नकद चुरा लिया गया है। घटना की सूचना डायल 112 की पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल किया है। गृहस्वामी द्वारा घटना के संबंध में लिखित आवेदन थाना में दी गई है। पुलिस का कहना है की घटना की जांच -पड़ताल की जा रही है।

# पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने चिरैला पहुंच दी श्रद्धांजलि, बोले - 'राम सूचित सिंह का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के बघौरा पंचायत के वर्तमान पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तित्व राम सूचित सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका बीती रात पटना एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही शनिवार को दोपहर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह उनके पैतृक गांव चिरैला पहुंचे और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व सांसद ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि "राम सूचित सिंह का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। उन्होंने जीवनभर समाज और किसानों के हित में कार्य किया। उनका जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।" उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान वातावरण गमगीन रहा और उपस्थित लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज सिंह, हरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जनसेवा, किसानों के हित और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित राम सूचित सिंह की यादें हमेशा क्षेत्रवासियों के दिलों में जीवित रहेंगी।

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **Sanjay Prakash,** S/o Mahamaya Prasad Vinod Dharampur Jafar, Amnour, Saran, Bihar - 841401

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Sanjay Prakash** a candidate for the Above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | ए.सी.जे.एम.–1 सह एमपी/ एमएलए कोर्ट, पटना। | कोतवाली थाना, पटना कांड सं. 469/2015 Pending | भारतीय दंड संहिता की धाराएं – 143, 341, 188, 431, 290 प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्राप्त किए जुलूस निकालने एवं मार्ग अवरूध करने के संबंध में | लागू नहीं | लागू नहीं |

**Format C - 2**

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

*(as per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: **Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026**

Name of State/UT: **Bihar**

| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | Biennial election to the Legislative council 2026 | Pawan Singh | SDJM, DEHRI अकोढ़ी गोला थाना, क्र. संख्या–110/24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R-P- ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ विक्रमगंज थाना क्र.. सं.–237/24 Pending | U/S&188 IPC AND 127 R.P. ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 3. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ काराकाट थाना, क्र. संख्या–216/24 Pending | U/S-143, 188, 171-F IPC AND 127 RP ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Do | Do | A.C.J.M., BIKRAMGANJ राजपुर थाना, क्र. संख्या–56/2024 Pending | U/S-188 IPC AND 127 RP ACT 1951 | Not Applicable | Not Applicable |
| 5. | Do | Do | जज सिटी सिविल कोर्ट एवं ए.डी.जे. मुंबई मालवानी पुलिस स्टेशन, मुंबई, थाना क्र. संख्या–630/2019 Pending | U/S-376(2)(N),341, 323,506, 509, 312, 315 IPC R/W SECTION 66A, 66E,67 IT ACT | Not Applicable | Not Applicable |
| 6. | Do | Do | Court of Sessions Judge,Court No- 1, Varanasi कैण्ट थाना, वाराणसी Case No- 490/2025 Pending | U/S 420, 406, 467,468, 506 IPC | Not Applicable | Not Applicable |

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उपायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

## मतदाताओं को अधिकाधिक मैपिंग सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को 76-डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय बारालोटा में स्थापित बूथ संख्या 244 एवं 245 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे मतदाता सत्यापन एवं मैपिंग कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथ संख्या 244 के बीएलओ से कुल मतदाताओं एवं अनमैप्ड मतदाताओं की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि उक्त बूथ पर कुल 983 मतदाता हैं, जिनमें से 517 मतदाता अब तक अनमैप्ड हैं। इस प्रकार लगभग 52 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग शेष पाई गई। वहीं बूथ संख्या 245 पर लगभग 42 प्रतिशत मतदाता अनमैप्ड पाए गये। इस पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दोनों बीएलओ के कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदाताओं की अधिकाधिक मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कम मैपिंग के कारणों की जानकारी लेने पर बताया गया कि कई मतदाताओं द्वारा अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अपना मैपिंग कार्य कराया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने एएसडी सूची का संधारण करते हुए ऐसे मतदाताओं को सूची से हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने औचक रूप से बारालोटा क्षेत्र के विभिन्न घरों में चिपकाए गए नेशनल हाउस नंबर की भी रैंडम जांच की। जांच के दौरान कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित बीएलओ से स्पष्टीकरण लेने की बात कही गयी।उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों को गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### 14 जून को सभी मतदान केंद्रों पर लगेगा विशेष कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर 76-डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर रविवार, 14 जून 2026 को विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह कैंप मतदान केंद्र स्तर पर लगाया जायेगा, जहां वर्तमान मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कार्य किया जा रहा है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर सुलोचना मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त कार्य को निर्धारित समय सीमा तक पूर्ण किया जाना है। इसी उद्देश्य से सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर कैंप आयोजित कर छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सदर एसडीएम ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 14 जून को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित जानकारी का सत्यापन कराएं तथा यदि किसी योग्य मतदाता का नाम छूट गया हो तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं।

# साइबर फ्रॉड : बिना अंगूठा लगाये निकाल लिये पैसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** करसो निवासी यशोदा देवी ने आरोप लगाया है कि उनके बैंक खाते से आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से 4 हजार रुपये निकाल लिए गए, जबकि उन्होंने न तो स्वयं राशि निकाली और न ही किसी स्थान पर बायोमेट्रिक सत्यापन कराया है। आरोप है कि 5 जून को दोपहर 2:37 बजे उनके खाते से एप्स के जरिए 4 हजार रुपये की निकासी हुई। इसकी जानकारी उन्हें तब मिली जब उसी दिन शाम को वह गांव के एक ग्राहक सेवा केंद्र पर राशि निकालने पहुंचीं। वहां खाते में अपेक्षित राशि नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्हें संदेह हुआ। 11 जून को बैंक ऑफ इंडिया बरही शाखा में खाते की जांच कराने पर उक्त निकासी की पुष्टि हुई। भुक्तभोगी का कहना है कि पिछले एक माह के दौरान उन्होंने किसी भी प्रकार का आधार आधारित लेन-देन नहीं किया है। उन्होंने बैंक में लिखित शिकायत देकर मामले की जांच तथा राशि की निकासी के तरीके का पता लगाने की मांग की है। इस मामले ने सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों के तरीके भी लगातार बदल रहे हैं। आजकल फिंगर क्लोनिंग के माध्यम से भी एईपीएस फ्रॉड हो रहे है।

# रक्षा राज्य मंत्री ने पीएम के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर के भाजपा जिला कार्यालय में आज केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने मोदी सरकार के बेमिसाल 12 साल की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है जो सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छोटे स्तर के खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिल रहा है। अकेले रांची लोकसभा में लगभग 40 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया जिन्हें एक बड़ा मंच मिला जितनी भी छुपी प्रतिभा है वह आगे आ रहे हैं वहीं अब कॉमनवेल्थ गेम देश में होने वाले हैं और 2026 में प्रधानमंत्री का प्रयास है कि ओलंपिक जैसा दुनिया का सबसे बड़ा खेल भी हमारे देश में हो इसके अलावा उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सबसे बड़ा आई सबमिट भारत में हुआ जिसमें 118 देश के लोग ने भाग लिया यह भारत की प्रगति का सूचक है। देश आज हर क्षेत्र में जहां आगे बढ़ रहा है इसके अलावा वैश्विक महामारी कोरोना के समय रेडी पटरी वाले को 76 लाख लोगों को प्रधानमंत्री के द्वारा मदद दिया गया इसके अलावे 70 लाख लोगों को विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ मिला है। एक पेड़ मां के नाम पर्यावरण बचाने को लेकर एक बड़ा अभियान भी मोदी जी ने किया है। अब तक देश में 266 करोड़ पेड़ लगा चुके हैं एक पेड़ मां के नाम के तहत देश अब दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुकी है और दुनिया देख रही है इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री के कई योजनाओं का भी जिक्र करते हुए मोदी सरकार का बेमिसाल कार्यकाल की जानकारी दी।

# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध 10 जून से 26 जून तक चल रहे राज्यव्यापी जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति, गिरिडीह द्वारा सदर अस्पताल परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने नशा मुक्त झारखंड के निर्माण के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों एवं




तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। नशे की लत के कारण कई प्रकार की गंभीर बीमारियां, मानसिक तनाव, अवसाद, पारिवारिक कलह तथा सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की परामर्श एवं उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं, परामर्श केंद्रों तथा नशा मुक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उपस्थित लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया इस मौके पर डॉ. रेखा झा, डॉ. फैसल अहमद सहित जिला स्वास्थ्य समिति के कई स्वास्थ्यकर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण और जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## बच्चों के लिए निःशुल्क ईएनटी की जांच

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डांस बीट अकादमी द्वारा संचालित डांस समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों के लिए निःशुल्क नाक, कान एवं गला (ईएनटी) स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेगूसराय के प्रख्यात ईएनटी विशेषज्ञ डॉ रौशन कुमार ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य जांच के दौरान डॉ रौशन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव शरीर के लिए ऑक्सीजन अत्यंत आवश्यक है और शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का मुख्य माध्यम नाक है।

# जमुआ में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान, चार बच्चे मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। जिला प्रशासन के निर्देश पर चलाए जा रहे 'एक्शन मंथ' के तहत शनिवार को जमुआ प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता सह छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से 4 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन' के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम की टीम द्वारा जमुआ प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अमल कुमार से मुलाकात के साथ हुई। इस दौरान बाल श्रम उन्मूलन, बाल संरक्षण तथा बच्चों के अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने ऐसे अभियानों को निरंतर समर्थन देने की बात कही। इसके बाद हीरोडीह थाना परिसर में बाल श्रम निषेध एवं बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी महेश चंद्र सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम तथा बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन तथा 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन' और बनवासी विकास आश्रम की संयुक्त टीम ने जमुआ (कादंबरी) क्षेत्र के विभिन्न होटलों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन छापेमारी की। इस दौरान रिद्धि सिद्धि होटल से 1 बच्चा, सिमी स्वीट्स से 2 बच्चे तथा प्रिया अंजलि मिष्ठान भंडार से 1 बच्चा बाल श्रम करते हुए पाया गया। सभी बच्चों को तत्काल मुक्त कराकर उनके पुनर्वास एवं कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अजय कुमार, बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश शक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जवल मिश्रा, उत्तम कुमार, हीरोडीह थाना प्रभारी महेश चंद्र एवं पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।

अधिकारियों ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को प्रभावित करता है। उन्होंने होटल संचालकों, व्यवसायियों एवं आम नागरिकों से बच्चों को मजदूरी में न लगाने तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी गई कि बाल श्रम की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में भी ऐसे संयुक्त अभियान जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# राज्य की खुशहाली के लिए सीएम ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ तमाड़ स्थित प्रसिद्ध दिऊड़ी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां दिऊड़ी की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचने को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। रांची जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। मंदिर पहुंचने पर मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी का मंदिर समिति के सदस्यों ने स्वागत किया, जिसके बाद दोनों ने मां दिऊड़ी के दरबार में



मत्था टेककर विशेष पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिऊड़ी मंदिर की महत्ता पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और सरना स्थल जैसे आस्था केंद्र समाज को जोड़ने और मानव सभ्यता को संस्कारित करने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पहले भी कई बार दिऊड़ी मंदिर आ चुके हैं और आगे भी यहां आते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपनी श्रद्धा और विश्वास के साथ विभिन्न पूजा स्थलों में पहुंचते हैं और यही आस्था समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इस दौरान रांची उपायुक्त, रांची एसएसपी, ग्रामीण एसपी, सिटी एसपी, बुंडू एसडीएम, बुंडू डीएसपी समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का यह दौरा पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच उनके आगमन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# क्राइम मीटिंग में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शुक्रवार को गिरिडीह पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों की समीक्षा तथा आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस उपाधीक्षकों, अंचल पुलिस निरीक्षकों एवं थाना/ओपी प्रभारियों को लंबित कांडों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित एवं अनसुलझे मामलों के त्वरित और सटीक उद्भेदन के लिए जिला स्तर पर विशेष इन्वेस्टिगेशन सेल (अनुसंधान विंग) के गठन



की जानकारी दी गई। उन्होंने वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, लंबित पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा न्यायालय से संबंधित मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। आम जनता से प्राप्त शिकायतों एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों के संवेदनशील एवं त्वरित निष्पादन पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को पब्लिक फ्रेंडली पुलिसिंग को बढ़ावा देने की सलाह दी। आगामी मुहर्रम पर्व को देखते हुए जिले की सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहकर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए गए। गिरिडीह पुलिस ने कहा कि वह आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा न्याय प्रक्रिया को सरल, सुगम और तेज बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## तीन थानाध्यक्षों की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद भी प्रशासन है संवेदनहीन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की देर रात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एनएच-31 पर हुये भीषण सड़क हादसे में मधेपुरा जिले के तीन थानाध्यक्षों और उनके चालक की मौत के बाद भी स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर नहीं आ रहा है। हादसे के कई दिन बीत जाने के बावजूद बलिया से साहेबपुर कमाल तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाम ढलते ही बड़े वाहनों के सड़क किनारे खड़े होने का सिलसिला जारी है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार एनएच-31 पर कई स्थानों पर ट्रक पार्किंग की व्यवस्था होने के बावजूद अधिकांश ट्रक चालक सड़क किनारे पेट्रोल पंपों और लाईन होटलों के पास वाहन खड़ा कर आराम करते हैं। इससे रात के समय गुजरने वाले छोटे और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तेज गति से आने वाले वाहन खड़े ट्रकों से टकरा जाते हैं। जिससे गंभीर हादसे हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि नियमित गश्ती के बावजूद पुलिस द्वारा सड़क किनारे खड़े वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि गुरुवार की रात पटना से सीआईडी प्रशिक्षण लेकर लौट रहे मधेपुरा जिले के अरार थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अमरेंद्र, बेकरी थानाध्यक्ष नीरज कुमार, रतवारा थानाध्यक्ष साजन पासवान तथा चालक ज्योतिष कुमार ब्रेजा कार से मधेपुरा जा रहे थे। इसी दौरान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के बखड्डा स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी कार पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के नीचे घुस गयी और चारों की मौके पर ही मौत हो गयी।

# बरही में टीबी उपचार में मिली सफलता, बढ़ते मरीज चिंता का विषय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही की वार्षिक टीबी रिपोर्ट एक ओर राहत देने वाली है, तो दूसरी ओर कई महत्वपूर्ण सवाल भी खड़े करती है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 से 2025 के बीच टीबी उपचार की सफलता दर 89 प्रतिशत से बढ़कर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत, समय पर उपचार एवं बेहतर रोगी प्रबंधन का सकारात्मक परिणाम है। अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में 152 टीबी मरीज चिन्हित हुए थे, जिनमें 135 मरीज स्वस्थ हुए। वर्ष 2021 में 137 मरीजों में से 128 मरीज ठीक हुए। वर्ष 2022 में मरीजों की संख्या बढ़कर 199 हो गई, जिनमें 182 मरीज स्वस्थ हुए। वर्ष 2023 में 196 मरीजों में से 186, वर्ष 2024 में 190 मरीजों में से 183 तथा वर्ष 2025 में 196 मरीजों में से 185 मरीजों के स्वस्थ होने की जानकारी दी गई है।

आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि अस्पताल टीबी मरीजों के उपचार में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। हालांकि, यह भी चिंता का विषय है कि मरीजों की संख्या अपेक्षित रूप से कम नहीं हो रही है। वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2025 में टीबी मरीजों की संख्या में लगभग 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे संकेत मिलता है कि जागरूकता अभियान, पोषण सहायता, समय पर जांच और संक्रमण की रोकथाम के क्षेत्र में अभी और प्रभावी प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि नए मामलों में निरंतर कमी लाई जा सके।

इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित कोनरा पंचायत की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है। यहां वर्ष 2020 में मात्र चार टीबी मरीज थे, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 16 हो गई। इसके अलावा एक एमडीआर (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट) टीबी मरीज का पाया जाना भी इस बात का संकेत है कि बीमारी के खिलाफ लड़ाई अभी पूरी तरह आसान नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन केवल उपचार सफलता दर को ही उपलब्धि मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब हर वर्ष टीबी के नए मामलों में लगातार कमी दर्ज हो।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर आज होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, हजारीबाग के तत्वावधान में 14 जून दिन रविवार को सदर अस्पताल स्थित नई ओपीडी भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे से होगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों से इस जनकल्याणकारी अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की है। रक्तदान मानव सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हजारीबाग जिले में वर्तमान में 280 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे नियमित रूप से रक्त पर निर्भर हैं। इसके अतिरिक्त दुर्घटना, प्रसव एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भी समय-समय पर रक्त की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में रक्त की उपलब्धता में कमी आने से मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जिला प्रशासन ने स्वस्थ नागरिकों से अपील की है कि वे 14 जून को रक्तदान शिविर में शामिल होकर मानवता की सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। इसलिए अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## जामताड़ा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय स्थित सभा भवन में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक में केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान सांसद नलिन सोरेन द्वारा कई नए पुल पुलिया निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही बरसात को देखते हुए टूटे सड़क को दुरुस्त करने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के माध्यम से पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा हुई और निर्देशित किया गया कि जो कार्य अधूरा है उसे जल्द से जल्द पूरा करें।

# उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए दीपक सम्मानित

## मिला आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को उत्कृष्ट पुलिस सेवा, अपराध नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा 'आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक-2022' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके समर्पित कार्य, कुशल नेतृत्व और पुलिसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण माना जा रहा है। दीपक



कुमार सिंह पूर्व में चौपारण थाना प्रभारी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में बड़कागांव थाना प्रभारी के रूप में भी वे प्रभावी पुलिसिंग और जनहित के कार्यों के लिए लगातार सक्रिय हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार (आईपीएस) ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह सम्मान न केवल दीपक कुमार सिंह की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हजारीबाग पुलिस के लिए भी गर्व का विषय है। उनके सम्मानित होने पर पुलिस अधिकारियों, कर्मियों तथा क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। यह उपलब्धि युवा पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित : रामकृपाल

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर दरभंगा में प्रेस वार्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** जिला अतिथि गृह में शनिवार कोबिहार सरकार के सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री रामकृपाल यादव ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। विशेष रूप से दरभंगा एवं मिथिलांचल क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए बताया गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और सहयोग से क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति मिली है। इनमें दरभंगा एम्स की स्थापना की दिशा में पहल, दरभंगा हवाई अड्डा के संचालन से क्षेत्र की हवाई कनेक्टिविटी का विस्तार, रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्यों से यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का प्रयास, तारामंडल (प्लैनेटेरियम) जैसी आधुनिक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सुविधाओं का विकास तथा एलिवेटेड रोड परियोजना के माध्यम से शहरी यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही कृषि, ग्रामीण विकास, सड़क एवं परिवहन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसरों का सृजन तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं की भी चर्चा की। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य केवल योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुक्त राशन,58 करोड़ से अधिक जनधन खाते, 11 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, 4 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के आवास, 60 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत कार्ड तथा 11 करोड़ से अधिक उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। प्रेस वार्ता के अंत में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष केवल उपलब्धियां का विवरण नहीं बल्कि विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया आने वाले वर्षों में भी सरकार जन सेवा सुशासन और समावेशी विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी। प्रेस वार्ता से पूर्व केंद्र सरकार के 12 वर्ष में हुए विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का भी मंत्री ने अवलोकन किया। इस अवसर पर माननीय सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर, बेनीपुर के विधायक सह सचेतक प्रो विनय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री हरि सहनी, जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अमरनाथ सिंह, जिला महामंत्री, संतोष पोद्दार सुजीत मल्लिक, सुनील चौधरी, श्रवण महतो, श्रवण मिश्र, मीरा मेहता, संगीता साह, बालेन्दु झा, रविंद्र मिश्रा, गुलशन चौधरी, दिलीप मंडल, विजय पोद्दार, ब्रह्मानंद यादव, राकेश झा, प्रेम कुमार मिश्र रिंकू, कृष्ण भगवान झा, प्रतीक कुमार, अभिषेक कर्ण उपस्थित थे।

## विधायक ने सड़क का किया निरीक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चेरियाबरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिषेक आनंद ने शनिवार को पहसारा पश्चिम पंचायत के विभिन्न सड़कों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भीषण गर्मी के बीच डमरू चौक से गांव के मुख्य मार्ग तक पैदल भ्रमण कर सड़क एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह एवं सुधीर सिंह ने विधायक को पूरे गांव में जलजमाव की गंभीर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी बारिश होने पर भी गांव की कई सड़कों पर पानी जमा हो जाता है। जिससे आवागमन में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं भाजयुमो नेता शिवम वत्स ने स्थानीय विद्यालय में बेहतर पठन-पाठन व्यवस्था, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति का शीघ्र गठन, मास्क लाइट की व्यवस्था, सड़क निर्माण समेत अन्य जनसमस्याओं की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखते हुए समाधान की मांग की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास एवं जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की सभी समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार के विकास की ...

पदाधिकारी स्वतः निलंबित हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अब कोई अपराधी पुलिस को चुनौती देता है तो 24 से 48 घंटे में हमारी पुलिस उसे जवाब देती है। अपराधियों के नस्लों और पीढ़ियों को तोड़ने का काम पुलिस कर रही है। समाज को उन्नति, सदभाव और समृद्धि का रास्ता दिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी. बिजनेस ने भरोसे की च्वॉइस कार्यक्रम शुरू की है यह बिहार की उन्नति और समृद्धि का रास्ता खोलेगा। 1990 से 2005 के कालखंड में बिहार काफी पीछे छूट गया है। 24 घंटे में 20 घंटे हम सब को काम करना होगा, न सोना है, न सोने देना है, न खाना है, न खाने देना है तभी बिहार समृद्ध होगा। जी बिजनेस ने बिहार पर भरोसा किया है, जिस ट्रैक पर बिहार चल पड़ता है वह पीछे मुड़कर नहीं देखता। बिहार को समृद्ध बनाते हुये हमें अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त करना है। हमलोग बिहार को समृद्ध और विकसित बनाने के लिये निरंतर काम कर रहे हैं। हमें बिहार के गौरवशाली अतीत को पुनः प्राप्त करना है। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, अनिल सिंघवी, कमल पोद्दार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं उद्योग जगत से जुड़े बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ढाई घंटे में अपहृत...

कर पाण्डेयपुर पुल के नीचे पकड़ा गया। साथ ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अपहृत और आरोपितों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि शनिवार को आरोपितों ने युवक को औरंगाबाद-देव मुख्य पथ से जबरन कार में बैठाकर उसका अपहरण कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों से मामले के पीछे की वजह और अन्य संभावित पहलुओं की गहन जांच जारी है। इस कार्रवाई में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार, देवजरा थानाध्यक्ष कुशो कुमार, देव थानाध्यक्ष कुमार सौरभ सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व शास्त्र बल शामिल थे।

### बिहार में जब तक एनडीए...

शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में अभी और व्यापक कार्य किए जाने की आवश्यकता है। पार्टी ने बिहार में युवाओं के पलायन को रोकने तथा कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने न्यायिक नियुक्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु वर्तमान कॉलेजियम व्यवस्था की समीक्षा तथा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर भारतीय न्यायिक सेवा के गठन की मांग दोहराई। पार्टी ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होना चाहिए। अधिवेशन में वर्ष 2026 में प्रस्तावित परिसीमन को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। पार्टी ने मांग की कि लोकसभा एवं राज्य की विधानसभा सीटों का निर्धारण वास्तविक जनसंख्या के आधार पर किया जाए तथा बिहार जैसे राज्यों को उनका न्यायसंगत राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिले। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों को उनकी वर्तमान जनसंख्या के अनुरूप प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की गई। सांस्कृतिक प्रस्तावों के अंतर्गत पार्टी ने पटना का नाम पुनः 'पाटलिपुत्र' किए जाने, क्रांतिज्योति माता सावित्रीबाई फुले की जयंती (3 जनवरी) को राष्ट्रीय स्तर पर 'महिला शिक्षा दिवस' घोषित करने तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा संसद परिसर में स्थापित करने की मांग की। अधिवेशन ने बिहार के लिए विशेष आर्थिक पैकेजों की निरंतरता, कृषि आधारित उद्योगों के विकास तथा राज्य में रोजगार सृजन को लेकर केंद्र सरकार से ठोस पहल करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संकल्प व्यक्त किया कि पार्टी सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार, किसानों के हित तथा बिहार के समग्र विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

## सीएसआर मद से संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में तकनीकी नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम तथा सीएसआर मद से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के चयनित प्रखंडों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन तथा कौशल विकास से संबंधित विभिन्न संकेतकों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के निर्धारित मानकों एवं लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को गति देने तथा बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का उद्देश्य विकास के प्रमुख मानकों पर पिछड़े क्षेत्रों में तीव्र एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। जिसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं नियमित अनुश्रवण आवश्यक है। सीएसआर मद के अंतर्गत जिले में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, कौशल विकास एवं सामुदायिक विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक जनहितकारी परिणाम सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम एवं सीएसआर आधारित पहलें जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, सामाजिक विकास तथा आजीविका संवर्धन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। बैठक में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे तथा विभिन्न बिंदुओं पर अपने विभागों की प्रगति एवं कार्ययोजना से अवगत कराया।

## बरौनी में मिली 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित अरबी पांडुलिपि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत संचालित पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के दौरान जिले में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की पहचान की गई है। सर्वेक्षण के क्रम में बरौनी-3 स्थित मौलाना इसहाक उर्दू लाइब्रेरी में सैय्यद अख़्तर हुसैन के संरक्षण में सुरक्षित रखी गई लगभग 350 वर्ष पुरानी हस्तलिखित अरबी पांडुलिपि प्राप्त हुई है। यह पांडुलिपि इस्लामी साहित्य एवं हदीस से संबंधित प्रसिद्ध ग्रंथ ह्लतिरमिज़ी शरीफड्ड की हस्तलिखित प्रति बताई जा रही है। सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार सैय्यद अख़्तर हुसैन, मौलाना इसहाक मोहद्दीस देहलवी के शिष्य मौलाना मिरयार साहब की पांचवीं पीढ़ी के वंशज हैं। उनके परिवार द्वारा इस दुर्लभ एवं ऐतिहासिक विरासत को कई पीढ़ियों से सुरक्षित संरक्षित रखा गया है, जो सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में पांडुलिपि सर्वेक्षण का कार्य निरंतर जारी है। जिले के विभिन्न पुस्तकालयों, निजी संग्रहों एवं पारंपरिक संस्थानों का निरीक्षण कर दुर्लभ पांडुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 350 वर्ष पुरानी इस हस्तलिखित धरोहर का मिलना जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पांडुलिपि को ज्ञान भारतम पोर्टल पर सूचीबद्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है ताकि इसका वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण एवं संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण कार्य में नव नालंदा महाविहार, नालंदा के बौद्ध पर्यटन प्रबंधन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशांत कुमार कुशवाहा का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## देश की रक्षा करने वाले जवानों व उनके परिवारों को न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य : न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एडीआर भवन के प्रांगण में नालसा वीर परिवार सहायता योजना 2025 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा कर्मियों एवं उनके आश्रित परिवारजनों को योजना के तहत मिलने वाली निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवाओं की जानकारी देना था। अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार झा ने किया। वही इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश माननीय करुणानिधि प्रसाद आर्य ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों और उनके परिवारों को न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। नालसा की इस नई योजना 2025 के तहत अब सेना, नौसेना, वायुसेना के सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों एवं शहीदों के परिवारों को सभी प्रकार के दीवानी, फौजदारी, राजस्व एवं सेवा संबंधी मामलों में निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें कोई आय सीमा नहीं रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि पेंशन, ग्रेच्युटी, भूमि विवाद, पारिवारिक मामले एवं दुर्घटना दावा जैसे विषयों पर पीड़ित परिवार डीएलएसए कार्यालय में आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। साथ ही साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने उपस्थित लोगों को उनके लिए संविधान में जो अधिकार एवं कर्तव्य बताए गए हैं। उसे विस्तृत रूप से बताया। हमें यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए न्यायालयों में न लड़ना पड़े। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंद सैनिक परिवारों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा डीएलएसए हर जरूरतमंद तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वीर परिवारों की हर संभव विधिक सहायता की जाएगी। कार्यक्रम में डीएलएसए के इंद्रसेन शर्मा, सौरभ कुमार, आलोक कुमार शैलेश कुमार, सहित पैनल अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर, भूतपूर्व सैनिक एवं बड़ी संख्या में सैनिकों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सचिव द्वारा उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी गईं एवं मौके पर ही आवश्यक विधिक सलाह दी गई।

## अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें पुराने लंबित भूमि विवाद के ग्यारह मामले की सुनवाई की गयी। जिसमें आज दो मामला का निपटारा हुआ। आज दरबार में सुनवाई के दौरान तीन नया मामला रैयती भूमि विवाद का भी आवेदन आया। निष्पादित दो मामलों में से डफरपुर के गोविन्द कुमार बनाम शिव सेवक सिंह के बीच एवं डुमरिया निवासी सुरेश यादव बनाम गंगाराम यादव, गंगो यादव, कमली यादव के बीच रैयती भूमि विवाद को अंचलाधिकारी सूरज कुमार ने डफरपुर निवासी को नापी उपरांत अपना हिस्सा कायम करने एवं डुमरिया निवासी को नापी करवाने की सलाह देकर निष्पादित किया। वहीं दूसरी ओर तीन दर्ज मामले में नावकोठी निवासी विष्णु देव पंडित बनाम हरे राम दास, रामानंद दास, अमरजीत दास वगैरह समसा निवासी रामानंद पाठक बनाम सुगंधा देवी, राधा देवी, सुरेश पासवान आदि के बीच भूमि विवाद का मामला है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

सं. **RS-DRY-Tender-DDU-25,** दिनांक : 11.06.2026

व.मं.यॉं.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा एकल पैकेट प्रणाली सं. RS-DRY-Tender-DDU-25 दिनांक : 11.06.2026 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है: **क्र.सं. : 1, कार्य का विवरण :** डीडीयू डिविजन में वैगन की जांच के दौरान डीआरवाई में विभिन्न गतिविधियों का आउटसोर्सिंग।, **क्र.सं. : 2, कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹ 2,49,13,892.60 – दो करोड़ उनचास लाख तेरह हजार आठ सौ बानवे रूपये एवं साठ पैसे मात्र।, **क्र.सं. : 3, धरोहर राशि :** ₹ 4,98,300/– मात्र।, **क्र.सं. : 4, निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि :** ई निविदा दिनांक 18.06.2026 से 02.07.2026 तक समय 15:00 बजे तक।, **क्र.सं. : 5, वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता :** IREPS website : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार नहीं किया जायेगा। **नोट :** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें।

**व.मं.यांत्रिक अभियंता/समाडि**
**पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/0394/डीडीयू/यां./टी/26–27/40

## श्रीराम जानकी राधा कृष्ण मंदिर तेघड़ा में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तेघड़ा।** परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा तथा बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद, पटना के मार्गदर्शन में क्षेत्र के धर्मावलंबियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से निर्मित श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर, एनएच-28 चौक तेघड़ा में आगामी 19 से 27 जून तक भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।मंदिर के प्रथम तल का निर्माण दुलारपुर निवासी, सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा के संस्थापक-सह-सचिव श्री रामबली सिंह द्वारा अपने पौत्र स्वर्गीय दिव्यांशु वत्स की पावन स्मृति में 'श्री दिव्य धाम' के रूप में कराया गया है, जहाँ श्री राम-जानकी दरबार, श्री लक्ष्मी-नारायण भगवान एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। वहीं मंदिर के द्वितीय तल का निर्माण दनियालपुर एवं तेघड़ा क्षेत्र के धर्मानुरागी श्रद्धालुओं के सहयोग से किया गया है, जहाँ श्री राधा-कृष्ण युगल सरकार, भगवान जगन्नाथ परिवार सहित एवं भगवान श्री गौ गोपाल विराजमान होंगे। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन पूज्य श्री कैलाश जी महाराज एवं पूज्या नेहा श्री के श्रीमुख से संपन्न होगा। कार्यक्रम के अनुसार 19 जून को श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। 22 जून को प्रातः 6 बजे भव्य कलश यात्रा, 23 जून को अपराह्न 4 बजे नगर भ्रमण, 24 जून को प्राण-प्रतिष्ठा, महायज्ञ एवं हवन, तथा 27 जून को श्रीराम कथा पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री रामबली सिंह ने बताया कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद के मार्गदर्शन एवं परम पूज्य महंत श्री रामनारायण दास जी महाराज की प्रेरणा से ''श्री दिव्य धाम'' निर्माण का संकल्प साकार हुआ है। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में सहभागी बनकर इसे सफल बनाने की अपील की। श्री राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महामंडलेश्वर महंत श्री रामसेवक दास जी महाराज (मौनी बाबा) एवं कोषाध्यक्ष श्री भगवान राम उर्फ बालक बाबा ने कहा कि तेघड़ा क्षेत्र में वर्षों से जन्माष्टमी एवं अन्य धार्मिक आयोजनों की समृद्ध परंपरा रही है, किंतु राधा-कृष्ण का ऐसा भव्य एवं दिव्य मंदिर नहीं था। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या एवं वृंदावन जैसी आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनेगा। आयोजित बैठक में महामंडलेश्वर महंत रामसेवक दास जी महाराज, महंत त्यागी गोपाल दास, महंत भगवान राम (बालक बाबा), प्रधान पुजारी दयानंद दास जी महाराज, फुलेना प्रसाद सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष कन्हैया कुमार, हरेराम राय, संजय राय, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, लुरक राय, अनिल कुमार राय, पप्पू राय, पूर्व वार्ड पार्षद संतोष कुमार राय, प्रतीक कुमार, रामयज्ञ कुमार, चंद्रभूषण सिंह, कौशल कुमार, शंभू कुमार सहित दनियालपुर एवं तेघड़ा क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**Format C - 1**

(For candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: Anil Thakur, S/O Sachchidanand Thakur, Vill.- Kathaili, P.O.-Ekamba, P.S.-Jalalgarh, Dist.- Purnea

Name of political party: **Bharatiya Janata Party**

*Name of Election: Biennial election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly to fill the seats of members retiring on 28.06.2026

*Name of Constituency: Biennial election to the Legislative council 2026

I **Anil Thakur** a candidate for the Above mentioned election,

declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| Pending Criminal cases | | | | Details about cases of conviction for criminal offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Name of Court | Case No. and Status of Case | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offences(s) & punishment imposed |
| 1. | पियूष चावला जे.एम. फस्ट क्लास पूर्णिया | जलालगढ़ थाना कांड सं.–36/2010 Pending | 341, 323, 353, 379 427, 504, 24 आईपीसी गृह अतिचार एवं शांति भंग करना | लागू नहीं | लागू नहीं |





# पीएम मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला : संतोष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के अवसर पर शनिवार को जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह और विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। पूर्व मंत्री संतोष सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 साल में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014, 2019 और 2024 में लगातार जनता की ओर से दिए गए जनादेश इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता काम और परिणाम की राजनीति पर विश्वास करती है। मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना और मुफ्त राशन जैसी



योजनाओं ने करोड़ों गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। पिछले सालों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। डीबीटी व्यवस्था के माध्यम से सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया गया है। विभिन्न योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से गरीबों के खाते में भेजा जा रहा है। इससे न सिर्फ काम आसान हुआ बल्कि 4.31 लाख करोड रुपए गलत हाथों में जाने से बच गया। गरीब कल्याण की बात की जाए तो जनधन योजना के तहत पूरे देश में 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाता खोले गए जिनमें से 32 करोड़ से ज्यादा खाते हैं सिर्फ महिलाओं के हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बनाए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को भूत सुरक्षा कवच मिला है। पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए जबकि उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई। संतोष सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में आधारभूत संरचना के विकास को नई ऊंचाई दी है। साल 2014 की तुलना में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क तेजी से बढ़ा है और ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, भारतमाला परियोजना, वंदे भारत ट्रेनों, अमृत भारत स्टेशन योजना और मेट्रो नेटवर्क के विस्तार ने देश की कनेक्टिविटी को मजबूत किया है। रेलवे का लगभग पूर्ण विद्युतीकरण किया जा चुका है और देशभर के 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने विकास के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव को भी मजबूत किया है। कर्तव्य पथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नए संसद भवन, राष्ट्रीय युद्ध स्मारक और पंचतीर्थ जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति अधिक जागरूक हुआ है। मौके पर जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चंद्रवंशी एवं जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह उपस्थित थे।

# हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लेवी और रंगदारी मांगने के आरोप में बंदेया पुलिस एवं एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से एक देसी कार्बाइन और चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सली की पहचान मायापुर गांव निवासी मंटू पासवान के रूप में हुई है। दरअसल 26 मई 2025 को बंदेया थानान्तर्गत चपरा गांव में तालाब की खुदाई का काम चल रहा था। काम को सुचारू रूप से चलाने के लिए अज्ञात नक्सलियों द्वारा धमकी भरा पत्र देते हुए लेवी और रंगदारी की मांग की गई थी। पीड़ित ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई। उसने बताया कि 27 मई 2026 को पुनः रात्रि करीब एक बजे तालाब की खुदाई की जा रही थी तभी नक्सलियों द्वारा पीड़ित को धमकी देते हुए काम



रोकने तथा समान जलाने की बात कहीं गई। कांड की गंभीरता पर 30 मई 2026 को पुलिस द्वारा मामले में संलिप्त छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा गया था। इनके पास से भी अवैध हथियार बरामद की गई थी। इसके बाद पुलिस लगातार अप्राथमिकी अभियुक्त मंटू पासवान के घर पर दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 12 जून को मंटू ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। मामले में अभियुक्त से पूछताछ के लिए न्यायालय से 24 घंटे के लिए रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त मंटू की निशानदेही पर मायापुर स्थित घर से स्थानीय पुलिस एवं एसटीएफ टीम द्वारा एक देसी कार्बाइन एवं चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

# विभिन्न अपराधों में 44 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 9 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आर्म्स मामले में दो, रंगदारी के कांड में दो, दहेज हत्या में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 5 तथा अन्य मामलों में 34 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 72.75 लीटर देसी, 18 लीटर विदेशी, 11 खोखा, दो मोबाइल बरामद किया गया। वाहन जांच 56000 रूपये शमन की राशि वसूला गया है। इस क्रम में एक वारंट एवं 72 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 80 हज़ार रूपये रिसीवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

# एससी-एसटी के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा नियमावली, 1995 (समय-समय पर संशोधित) के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की इस वर्ष द्वितीय बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कांडों की अद्यतन स्थिति, पीड़ितों को प्रदत्त राहत एवं पुनर्वास सहायता, लंबित मामलों की प्रगति तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति द्वारा संबंधित विभागों



एवं पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित निष्पादन, पीड़ितों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने तथा अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, पीड़ितों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने तथा विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। अपर समाहर्ता द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों एवं मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए तथा पीड़ितों को नियमानुसार सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जाए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। समिति के सभी सदस्यों ने अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, सिविल सर्जन, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (नोडल डीएसपी), वरीय कोषागार पदाधिकारी, लोक अभियोजक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान), जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति सदस्य माधेश्वर पासवान, राजेश्वर पासवान सहित अन्य सदस्यों ने बैठक में सहभागिता की।

# अवैध खनन और परिवहन में छह हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने अपनी सख्ती बढ़ा दी है। शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार के निर्देश पर देव थाना क्षेत्र के भवानीपुर के समीप एक विशेष और सघन जांच अभियान चलाया जिसमें विभाग को बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई के फलस्वरूप 2 अवैध गिट्टी लदा हाइवा तथा इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आइएसटीपी) के बिना 4 हाइवा पकड़े गए है। इस कार्रवाई से अवैध खनन गतिविधियों में लिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। खनन ने साफ कर दिया है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई में खनन निरीक्षक कुमार प्रत्यूष एवं इक़बाल हुसैन के साथ अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस कार्रवाई को लेकर खनन निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर अवैध तरीके से औरंगाबाद की सीमा में प्रवेश कर रहे है। इस दौरान कुछ गाड़ियां बिना इंटर स्टेट ट्रांजिट पास के भी सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। चेकिंग अभियान के दौरान दो अवैध गिट्टी लदा हाइवा तथा चार हाइवा बिना आइएसटीपी के पकड़े गए। विभाग द्वारा इन पर लाखों रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है, साथ ही स्थानीय थाने में संबंधित नियमों के तहत एक लिखित प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गई है ताकि दोषियों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके।

# विश्वविद्यालय कर्मियों के वेतन-पेंशन भुगतान के लिए सुशील कुमार सिंह ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के 13 विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लंबित वेतन, पेंशन तथा सेवांत लाभों के भुगतान के लिए 999.84 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व उन्होंने पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास लोकसेवक भवन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर राज्य के 13 विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के लंबित वेतन, पेंशन और अन्य बकाया भुगतान की समस्या से अवगत कराया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी उपस्थिति में ही संबंधित अधिकारियों को मामले के



त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे। पूर्व सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी राशि से सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन, उपादान (ग्रेच्युटी), अर्जित अवकाश नकदीकरण, चिकित्सा भत्ता तथा अन्य लंबित देयकों का भुगतान किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के इस निर्णय से राज्य के हजारों शिक्षकों, कर्मचारियों और पेंशनधारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विभाग ने विश्वविद्यालय प्रशासन को भुगतान प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश भी दिया है, जिससे लाभुकों को जल्द उनकी राशि मिल सके। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि यह कर्मचारी हितैषी निर्णय हजारों परिवारों के जीवन में राहत और विश्वास का संचार करेगा।

## बटाने नदी पर आज से शुरू होगा डायवर्सन का निर्माण कार्य

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रिसियप थाना क्षेत्र के बटाने नदी स्थित पुल के समीप डायवर्सन निर्माण कार्य जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आज रविवार से प्रारंभ किया जाएगा। यह निर्णय आमजन की सुरक्षा, संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है। बता दें कि उक्त पुल पर वर्तमान में भारी वाहनों के परिचालन पर पूर्ण रूप से रोक लगा दिया गया है।

# मदनपुर में आहर किनारे मिला नवजात का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डंगरा आहर के पिंड पर मानवता को शर्मसार करने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक नवजात शिशु का शव लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ मिला। उसे कुत्ते नोंचकर खाने का प्रयास कर रहे थे। इस हृदय विदारक दृश्य को देखकर इलाके के लोग दंग रह गए। घटना की जानकारी तब हुई जब आसपास के ग्रामीण युवक और महिलाएं वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जब इस भयावह दृश्य को देखा तो तत्परता दिखाते हुए तुरंत कुत्तों को वहां से भगाया। इसके बाद ग्रामीणों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए नवजात शिशु के शव को ससम्मान विधिवत गड्ढा खोदकर दफना दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह किसी का नाजायज बच्चा हो सकता है, जिसे लोकलाज और बदनामी के डर से इस सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया। घटनास्थल पर शिशु के शव के पास एक प्लास्टिक का चिमटा भी पाया गया है। इससे यह मजबूत आशंका जताई जा रही है कि बच्चे का प्रसव किसी निजी अस्पताल या नर्सिंग होम में कराया गया होगा और बाद में नवजात को यहां लाकर छोड़ दिया गया। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घिनौनी घटनाएं समाज में लगातार गिरते जा रहे मानवीय मूल्यों और क्रूरता को दर्शाती हैं। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार नवजात शिशु के शव का स्थानीय ग्रामीणों की मदद से विधिवत अंतिम संस्कार करा दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि नवजात को वहां किसने फेंका था।

# एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने विभिन्न मामलों से जुड़ी शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों का



अवलोकन करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक की संवेदनशीलता के साथ जांच कर निर्धारित समय सीमा में समाधान करने को कहा। साथ ही शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की जानकारी देने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद पुलिस बेहतर पुलिसिंग और लोगों की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए प्रयासरत है।







# स्वच्छता हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के दुर्गा मैदान जम्होर में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने संपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही बुद्धिजीवियों, किसानों, शिक्षकों, युवाओं एवं समाज केविभिन्न लोगों से संपर्क स्थापित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों से इतिहासिक विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।



जम्होर में स्वागत समारोह

विशेषकर जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को केंद्र सरकार द्वारा गरीब किसान महिला युवा एवं आम जनता के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों की सराहना करते हुए अपने विचारों को साझा किया। साथ ही जम्होर में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह स्वच्छता अभियान जम्होर के सड़कों, सार्वजनिक स्थल, मंदिर परिसर आसपास के क्षेत्रों में चलाया लिया। कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के संकल्प को मजबूत करने के लिए सभी लोगों की सहभागिता आवश्यक हैं। इस मौके पर जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, शमशेनगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, अभय चंद्रवंशी, पूर्व महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राकेश पांडेय, शिवनाथ राम चंद्रवंशी, सत्येंद्र चंद्रवंशी, तारा बाबू, सुमित चंद्रवंशी, अमित कुमार चंद्रवंशी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269